दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 196
कोटद्वार गुरूवार
17 नवम्बर 2022, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## पांच दिन मौसम साफ रहने की उम्मीद

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, 20 नवंबर तक राज्यभर में मौसम साफ रहने की उम्मीद है। हालांकि, इस दौरान मैदानी इलाकों में सर्दी बढ़ने लगेगी। ऐसे में सुबह, शाम और रात के समय ज्यादा सर्दी होगी। वहीं, दिन में मौसम साफ होने और धूप रहने के कारण मौसम सुहावना बना रहेगा। पिछले दिनों पर्वतीय जिलों में ऊंची चोटियों पर जमकर बर्फबारी हुई। चोटियां बर्फ से ढकने लगी हैं। वहीं, मैदानी इलाकों में अधिकांश स्थानों पर मौसम साफ रहा। राज्य

बुधवार की सुबह सवा दस बजे देहरादून का तापमान 20 डिग्री सेल्सियस के करीब था। इसके अधिकतम 23 डिग्री और न्यूनतम 12 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। 17 नवंबर को अधिकतम तापमन एक डिग्री गिरेगा, वहीं, 18 और 19 नवंबर को एक डिग्री बढ़कर फिर 23 डिग्री हो जाएगा। 19 नवंबर को देहरादून में कहीं कहीं बादल छाने के आसार भी हैं। इसके बाद 20 नवंबर से लेकर 23 नवंबर तक अधिकतम तापमान 23 डिग्री और न्यूनतम तापमान 12 से 13 डिग्री सेल्सियस तक रह सकता है।

## सीएम ने जताया शोक

**देहरादून** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भाजपा नेता पुनीत मित्तल की माता के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिवारजनों को धैर्य प्रदान करने की कामना की है। मुख्यमंत्री ने पुनीत मित्तल के आवास पर जाकर शोक संवेदना व्यक्त की।

## बुलोरो जीप अनियन्त्रित होकर सौ मीटर खाई में गिरी

**विकासनगर।** त्यूणी-चकराता राष्ट्रीय राजमार्गपर भंदरौली गांव के समीप बुलोरो जीप अनियन्त्रित होकर सौ मीटर खाई में जा गिरी। जीप मेंचालक सहित तीन लोग सवार थे। हादसे में कार सवार सभी सुरक्षित हैं। देहरादून कंडोली निवासी पुनीत शुक्ला कुछ दिन से अपने रिश्तेदारी में भंदरौली केराड़ आये हुए थे। बुधवार को केराड़ से वह अपने दो दोस्तों के साथ देहरादून के लिए निकले। सुबह दस बजे के आसपास भंदरौली गांव के समीप जीप अनियन्त्रित होकर सौ मीटर खाई मेंजा गिरी। घास और झाड़ियों के कारण किसी को चोट नहीं लगी। सभी सुरक्षित हैं। राजस्व उप निरिक्षक अनिल चौहान ने बताया कि वाहन दुर्घटना की सूचना अन्य लोगों सेमिली। वाहन स्वामी की तरफ सेकोई सूचना और तहरीर नहीं आई।

## रास्ते पर अचानक सामने आया जंगली हाथी

**-चालक ने 8 किमी तक बस पीछे चलाकर बचाई 40 यात्रियों की जान**

त्रिचूर, जंगल का घुमावदार रास्ता, यात्रियों से भरी बस और सामने जंगली मतवाला हाथी। बस को पीछे मोड़कर बचने का कोई रास्ता नहीं। ऐसी स्थति में किसी का भी धैर्य जवाब दे सकता है, लेकिन केरल के त्रिचूर में बस चालक ने संकट के समय धैर्य के साथ सूझबूझ दिखाते हुए आठ किमी से अधिक दूरी तक बैक गियर में बस चलाकर 40 लोगों की जान बचाई।

**बस चालक की सूझबूझ से बची लोगों की जान**

इस दौरान जंगली हाथी भी बस का पीछा करता रहा। मंगलवार को जिले के चलाकुडी में वालपराई मार्ग पर हुई इस घटना का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है। माना जाता है कि बस के कुछ यात्रियों ने मोबाइल फोन से वीडियो बनाकर इसे इंटरनेट मीडिया पर डाला।

### धामी कैबिनेट के फैसले

# गैर जमानती हुआ उत्तराखंड में धर्मातरण कानून, नैनीताल हाईकोर्ट होगा शिफ्ट



**देहरादून।** उत्तराखंड प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक बुधवार को राज्य सचिवालय में हुई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में 26 मामले आए। जिसमें एक मामले को छोड़कर सभी 25 प्रस्ताव पास किए गए। इस दौरान धर्मातरण का कानून सख्त करने का फैसला हुआ। अब उत्तराखंड में धर्मातरण कानून गैर जमानती हुआ। इसमें 10 साल की सजा होगी।

धामी कैबिनेट में 25 अहम प्रस्तावों पर मुहर लगी। इस दौरान नैनीताल हाईकोर्ट को शिफ्ट करने को लेकर बड़ा फैसला हुआ। बैठक में नैनीताल हाईकोर्ट को हल्द्वानी में शिफ्ट करने की सैद्धांतिक मंजूर दी गई। बता दें, नैनीताल हाईकोर्ट को शिफ्ट करने की लंबे समय से मांग चल रही थी।

बैठक में राजकीय सेवा में राज्य आंदोलनकारियों को 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण के प्रस्ताव पर भी चर्चा हुई। इसके अलावा शिक्षा विभाग में अतिथि शिक्षकों की भर्ती, नर्सिंग भर्ती नियमावली को मंजूरी, खनन नीति में वन स्टेट वन रयल्टी का प्रावधान, पीआरडी जवानों को मातृत्व अवकाश के लाभ का प्रस्ताव भी बैठक में चर्चा के लिए लाया जा सकता है।

आवास विकास विभाग, राजस्व, लोनिवि, गृह विभाग से संबंधित प्रस्ताव पर भी कैबिनेट में चर्चा के लिए लाए जा सकते हैं।

### ये फैसले हुए

- धर्मातरण का कानून होगा सख्त। 10 साल की सजा
- नैनीताल हाईकोर्ट हल्द्वानी शिफ्ट करने पर सैद्धांतिक मंजूरी।
- पशुपालकों को महंगे भूसे से राहत, सरकार ने सब्सिडी बढ़ाई। भूसे और साइलेज पर बढ़ी सब्सिडी।
- कौशल विकास केंद्र संचालको को भुगतान के बदले नियम।
- अब तीन नहीं चार किश्तों में मिलेगा संचालकों को प्रशिक्षण का भुगतान।
- सहकारिता की तर्ज पर दुग्ध विकास विभाग भी देगा 75 फीसदी सब्सिडी। अभी तक 50 फीसदी थी।
- दुग्ध सहकारी समितियों से जुड़े 52 हजार पशुपालकों को मिलेगा लाभ।

## सुको का निर्देश, 32 सेवानिवृत्त महिला एसएससी अधिकारियों को पेंशन लाभ देने पर केंद्र करे विचार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को केंद्र और भारतीय वायु सेना को निर्देश दिया कि वे 32 सेवानिवृत्त महिला शर्ट सर्विस कमीशन (एसएससी) अधिकारियों को उनकी उपयुक्तता के आधार पर पेंशन लाभ देने के उद्देश्य से स्थायी कमीशन (पीसी) देने पर विचार करें। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति हेमा कोहली और जेबी पारदीवाला की पीठ ने हालांकि इस आधार पर उनकी बहाली का आदेश देने से इनकार कर दिया कि उन्हें 2006 और 2009 के बीच सेवा से बहुत पहले ही रिलीज कर दिया गया था।

आदेश में कहा गया है, देश की सेवा करने की अनिवार्यताओं से संबंधित जरूरत को ध्यान में रखते हुए बहाली एक व्यवहार्य विकल्प नहीं हो सकता है। खंडपीठ ने कहा कि महिला आईएएफ अधिकारी यदि स्थायी कमीशन के अनुदान के लिए भारतीय वायुसेना द्वारा पात्र पाई जाती हैं, तो वे उस तारीख से एकमुश्त पेंशन लाभ पाने की हकदार होंगी, जब वे सेवा में 20 साल पूरे कर चुकी होतीं, अगर यह जारी रहता।

## अनियंत्रित होकर खाई में गिरी कार, दो की मौत, एक घायल



एसडीआरएफ टीम दुर्घटना में घायल का रेस्क्यू करते हुए।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**चमोली :** गैरसैंण तहसील क्षेत्र में एक कार अनियत्रित होकर तीन सौ मीटर गहरी खाई में जा गिरी। दुर्घटना में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक घायल हो गया। एसडीआरएफ टीम ने रेस्क्यू कर घायल को अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं मृतकों के शव को पुलिस के सुर्पद कर दिया है।

नियंत्रण कक्ष द्वारा एसडीआरएफ टीम को सूचित कराया गया कि एक वैगनआर कार अनियंत्रित होकर खाई में गिर गयी। उक्त सूचना प्राप्त होते ही एसडीआरएफ रेस्क्यू टीम मुख्य आरक्षी भगत सिंह कंडारी टीम के साथ आवश्यक रेस्क्यू उपकरणों के घटनास्थल के लिए तत्काल रवाना हुई। घटनास्थल पर पहुंचकर देखा गया कि एक वैगनआर कार, वाहन नम्बर यूके16ए9723, लगभग 300 मीटर गहरी खाई में गिरी है। कार में 3 व्यक्ति सवार थे जिसमें से एक व्यक्ति को घायल अवस्था में रेस्क्यू कर स्ट्रेचर बोर्ड के माध्यम से पैदल मार्ग द्वारा खाई से बाहर निकाला गया व 108 सेवा के माध्यम से अस्पताल भिजवाया गया। जबकि दो व्यक्तियों की मौके पर ही मृत्यु हो गयी थी, जिनके शव टीम द्वारा बरामद कर जिला पुलिस को सुपुर्द किये गए। एसडीआरएफ के मुख्य आरक्षी भगत सिंह कंडारी ने बताया कि दुर्घटना में 45 वर्षीय उमेद सिंह नेगी निवासी विकासनगर देहरादून और 45 वर्षीय हिमांशु निवासी देहरादून की मौके पर ही मौत गई। जबकि 36 वर्षीय ललित निवासी हल्द्वानी घायल हो गया। रेस्क्यू टीम में मुख्य आरक्षी भगत सिंह कंडारी, आरक्षी अनूप कुमार हर्ष लाल, नरेंद्र लाल, पैरामीडिक्स विक्रम, चालक भूपेन्द्र आदि शामिल थे।

## केदारनाथ में पर्वतीय शैली में बनेगा मिनी एयरपोर्ट, मसूरी में भी खुली हेलीपोर्ट की राह

**देहरादून** । केदारनाथ में हवाई सेवाओं को मजबूती देने के लिए मिनी एयरपोर्ट तैयार किया जाएगा। मुख्य सचिव डाएसएस संधू ने इसके डिजाइन को हरी झंडी दे दी है। 30 करोड़ की लागत से बनने वाला एयरपोर्ट पर्वतीय शैली में तैयार किया जाएगा। केदारनाथ में जो हेलीपोर्ट बनेगा, वह मिनी एयरपोर्ट होगा। केदारनाथ पुनर्निर्माण कार्यों का मास्टर प्लान तैयार करने वाली आर्किटेक्चर संस्था आईएनआई ने इसका डिजाइन तैयार किया था, जिसमें कुछ कमियां थीं। अब संस्था ने इसका नया डिजाइन बनाकर मुख्य सचिव डाएसएस संधू के सामने रखा। मुख्य सचिव ने इसके डिजाइन को हरी झंडी दे दी है। यह करीब 30 करोड़ की लागत से तैयार किया जाएगा। मुख्य सचिव के निर्देशों के तहत इसके टर्मिनल भवन का डिजाइन केदारनाथ धाम की धार्मिक प्रवृत्ति के अनुरूप तैयार किया जाएगा।

# यूजेवीएनएल ने जल विद्युत के क्षेत्र में देशभर में अपनी अलग पहचान बनाई : सीएम

## यूजेवीएनएल, ऊर्जा, पिटकुल ने मुख्यमंत्री को सौंपा 25 करोड़ का चेक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड जल विद्युत निगम से जल विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में अपनी विकासशील सोच, क्षमता विकास एवं बेहतर कार्य संस्कृति के साथ प्रदेश को ऊर्जा के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में कार्य करने की अपेक्षा की है। उन्होंने कहा कि राज्य स्थापना के मूल में उत्तराखण्ड को ऊर्जा प्रदेश बनाने की अवधारणा को भी साकार करने में विद्युत निगमों से सक्रियता से सहयोगी बनना होगा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को उत्तराखण्ड जल विद्युत निगम के 22 वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि यूजेवीएनएल ने जल विद्युत क्षेत्र में अपनी विकासशील सोच, अभूतपूर्व क्षमता एवं उच्च कोटि की कार्य संस्कृति के बल पर आज राज्य ही नहीं अपितु देशभर के सरकारी संस्थानों के बीच अपनी एक अलग पहचान बनाई है। राज्य स्थापना के उपरांत यूजेवीएनएल का गठन उत्तराखण्ड को सही अर्थों में



सीएम को चेंक सौंपते हुए यूजेवीएनएल, ऊर्जा, पिटकुल के अधिकारी।

ऊर्जा प्रदेश बनाने के लिए किया गया था। इस सम्बन्ध में यद्यपि यूजेवीएनएल द्वारा प्रयास किये जा रहे हैं फिर भी इस क्षेत्र में कई चुनौतियों का हमें सामना करना है। इसके लिये हम सबको मिलकर प्रयास करने होंगे तभी हम उज्वल उत्तराखण्ड के निर्माण में सफल हो सकेंगे तथा ऊर्जा प्रदेश के संकल्प को पूर्ण कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि हमें राज्य के नैसर्गिक, प्राकृतिक सौंदर्य एवं संसाधनों का बेहतर उपयोग करना होगा तथा राज्य आर्थिकी के विकास के लिये समेकित प्रयास करने होंगे। इस अवसर पर सचिव ऊर्जा आर मीनाक्षी सुंदरम तथा प्रबंध निदेशक संदीप सिंघल ने निगम के लाभांश का 20 करोड़ तथा प्रबंध निदेश पिटकुल पी.सी ध्यानी ने 5 करोड़ का लाभांश का चेक मुख्यमंत्री को भेंट किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि निगम को अपनी बेहतर कार्यसंस्कृति और कुशल प्रबन्धन के बल पर इसी प्रकार ऊर्जा के क्षेत्र में नित नए कीर्तिमान स्थापित करने के लिये प्रयासरत रहना होगा। राज्य निर्माण के समय ऊर्जा क्षेत्र को हमारी आर्थिकी का मूल आधार माना गया था, परंतु यह लक्ष्य अभी तक पूर्णरूपेण सफल नहीं हो पाया है। अब समय आ गया है कि हम सभी मिलकर यह विचार करें कि इस दिशा में कैसे तेजी से आगे बढ़ा जा सकता है। हमें इसके लिए प्रतिबद्धता के साथ निरंतर कार्य करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में ऊर्जा क्षेत्र की विकास योजनाओं को समय पर पूर्ण करने में हमें केंद्र सरकार द्वारा समय समय पर आवश्यक सहयोग दिया जा रहा है। इसका उदाहरण लखवाड़ बहुउद्देश्यीय जल विद्युत परियोजना एवं जमरानी बांध परियोजना है जिसमें तेजी से कार्य किया जा रहा है। उन्होने कहा कि राज्य सरकार जीरो पेंडेसी वर्क कल्चर पर विशेष ध्यान दे रही है। इसके लिये हर क्षेत्र में सरलीकरण, समाधान, निस्तारीकरण एवं संतुष्टि के मूल मंत्र के आधार पर निर्णय लिए जा रहे हैं। हमें अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ऊर्जा के साथ निरंतर कार्य करते हुए करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 21वीं सदी के तीसरे दशक को उत्तराखण्ड का दशक बताया है और हमारी सरकार संकल्पबद्ध होकर इसे पूर्ण करने की दिशा में कार्यरत है।हमारा संकल्प है कि 2025 में जब उत्तराखंड अपनी स्थापना का रजत जयंती वर्ष मना रहा होगा तब तक हर क्षेत्र में हमारा राज्य देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बन जाए।

लक्ष्य को पूर्ण करने एवं उत्तराखंड को विकसित, सक्षम व आदर्श राज्य बनाने के लिए हमारे प्रयास निरंतर जारी हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में इन आठ सालों में एक समृद्ध, शक्तिशाली तथा समरस भारत के साथ ही दुनिया का नेतृत्व करने वाला भारत बना है। विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिभाओं की पहचान के साथ एक भारत श्रेष्ठ भारत की संकल्पना साकार हो रही है। आज का भारत दुनिया का नेतृत्व करने वाला भारत है। सचिव ऊर्जा आर. मीनाक्षी सुंदरम तथा प्रबंध निदेशक यूजेवीएनएल संदीप सिंघल द्वारा निगम के कार्यकलापों की जानकारी दी गयी। इस अवसर पर विधायक सविता कपूर, प्रबंध निदेशक पिटकुल पीसी ध्यानी, प्रबंध निदेशक यूपीसीएल अनिल यादव सहित अन्य अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

# पुलिस को आशंका जो हड्डियां मिलीं वो जानवरों की, जांच के लिए भेजी जाएंगी लैब

**नोएडा, एजेंसी।** श्रद्धा हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने में पुलिस जुटी हुई है। आफताब ने जो जानकारी दी है पुलिस उसकी पड़ताल कर रही है। हर उस जगह की तलाश की जा रही है जहां पर आफताब ने श्रद्धा के शरीर के टुकड़े दें के हैं।

परीक्षण में एक दवा का इंजेक्शन शामिल होता है जो व्यक्ति को संज्ञाहरण के विभिन्न चरणों में प्रवेश करने का कारण बनता है। यह एक त्रिम निद्रावस्था का चरण उत्पन्न करता है, जो एक व्यक्ति को कम हिचकिचाता है और ऐसी जानकारी प्रकट करने की अधिक संभावना होती है जो आमतौर पर चेतना की स्थिति में प्रकट नहीं होती है।

दक्षिण दिल्ली के साकेत की अदालत ने अपनी प्रेमिका की हत्या के आरोपी आफताब पूनावाला का नार्को-विश्लेषण परीक्षण करने की अनुमति दी है, क्योंकि पूनावाला पुलिस को गलत जानकारी दे रहा है। पुलिस को संदेह है कि पूनावाला ने अपनी प्रेमिका श्रद्धा वाकर के मोबाइल फोन के साथ क्या किया और जिस आरी से उसने कथित तौर पर उसकी हत्या करने




के बाद उसके शरीर को काट दिया, उसके बारे में गलत जानकारी देकर जांचकर्ताओं को गुमराह करने का प्रयास कर रहा है।

महरौली पुलिस बुधवार को भी छतरपुर व महरौली के जंगलों में श्रद्धा के शव के टुकड़ों को ढूंढने पहुंची। तलाशी अभियान दोपहर करीबन 12रू00 बजे से चल रहा है।श्रद्धा वाकर हत्या मामले में आरोपी आफताब अमीन पूनावाला जिसे हाल ही में गिरफ्तार किया गया था। उसने जांच के शुरुआती दिनों में दिल्ली और मुंबई की पुलिस को धोखा देने का प्रयास किया था। आफताब ने कई सबूतों को हटाकर श्रद्धा की हत्या को टुपाने की कोशिश की थी, हालांकि पुलिस ने मामले की सच्चाई तक पहुंचने के लिए जिन डिजिटल सबूतों को ट्रेस किया था, उसे उसने छोड़ दिया था। पुलिस इस मामले की जांच में लगी है कि कहीं आफताब का सहयोग किसी और ने तो नहीं किया था। हालांकि आरोपी ने इस बात से इनकार किया है लेकिन पुलिस नार्को टेस्ट कर इस बात की भी जानकारी हासिल करने की कोशिश करेगी।

दिल्ली पुलिस ने कोर्ट को जानकारी दी कि आफताब जांच में सहयोग नहीं कर रहा है। वह श्रद्धा के मोबाइल की जानकारी नहीं दे रहा साथ ही जिस हथियार से उसने शरीर के टुकड़े किए उसकी भी जानकारी नहीं दी।श्रद्धा हत्याकांड के आरोपी आफताब का नार्को टेस्ट होगा। दिल्ली की साकेत कोर्ट ने इजाजत दे दी है। पुलिस ने कोर्ट से आरोपी के नार्को टेस्ट के लिए अनुमति मांगी थी। दक्षिण जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आफताब ने पूछताछ में खुलासा किया है कि श्रद्धा के बारे में कोई संदेह न हो, इस लिए वह दस दिन तक उसका इंस्टाग्राम चलाता रहा।दिल्ली पुलिस ने श्रद्धा हत्याकांड की परतों को खोलने के लिए बुधवार को क्राइम सीन को रिक्रिएट किया। इस दौरान आफताब से पूरी घटना की जानकारी ली गई। वहीं दूसरी ओर पुलिस को अभी तक आफताब के परिवार के बारे में जानकारी नहीं मिल पाई है।आफताब ने पुलिस को बताया कि उसने मानव शरीर की रचना के बारे में पढ़ा था ताकि शरीर को काटने में मदद मिल सके। पुलिस ने कहा कि उन्होंने आफताब के इलेक्ट्रनिक गैजेट्स को जब्त कर लिया है और इसकी पूरी तरह से जांच की जाएगी।

दक्षिण जिले के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आरोपी आफताब ने पूछताछ में खुलासा किया है कि दोनों शादी नहीं करना चहाते थे। दोनों जिंद्गी को अपने तरीके से जी रहे थे।उद्धव ठाकरे गुट के नेता संजय राउत ने भी इस मामले पर बड़ा बयान दिया है। राउत ने कहा कि इसे लव-जिहाद कहें या कुछ और कहें लेकिन लड़कियां तो हमारी मर रही हैं। कानून कुछ नहीं करेगा, समाज को ही सड़कों पर उतरना पड़ेगा। पुलिस की जांच के बाद ये बात सामने आरोपी आफताब ने श्रद्धा के सिर को सबसे बाद में दें का था। आरोपी ने खुलासा किया है कि फ्रिज खोलते समय श्रद्धा के चेहरे को देखता था।

# छात्र की स्कूल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, परिजनों ने किया प्रदर्शन

**रुद्रपुर :** रुद्रपुर के मोहल्ला कानून गोयान निवासी 12 वर्षीय मोक्ष गुप्ता पुत्र सुबोध गुप्ता गोविंद बल्लभ पंत स्कूल में आठवीं का छात्र था। रोजाना की तरह वह अपने स्कूल गया था। जहां मिड डे मील भोजन खाने के दौरान उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर परिजनों ने स्कूल में प्रर्शन किया। परिजनों ने स्कूल के शिक्षकों पर मारपीट का आरोप लगाया है।

परिजनों का आरोप है कि मारपीट के चलते ही बच्चे की मौत हुई है। सूचना पर एएसपी अभय सिंह पुलिस टीम के साथ स्कूल पहुंच गए। उन्होंने बच्चे के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एएसपी अभय सिंह ने बताया कि छात्र के शव को कब्जे में ले लिया गया है। पंचायतनामा की कार्रवाई चल रही है। मामले में अभी कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

तहरीर मिलने के बाद ही आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

दरअसल छात्र एमडीएम का भोजन लेने लाइन में खड़ा था, जहां वह गश खाकर फर्श पर गिर गया। इसके बाद उसे तहसील रोड स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं छात्र के पिता का कहना है कि मेरे बेटे के चेहरे पर चोट के निशान हैं। इससे साफ पता चलता है कि उसके साथ मारपीट हुई है।

उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हम आरोपी शिक्षक के खिलाफ पुलिस को तहरीर सौंपेंगे।

(एजेन्सी)

# सड़क सुरक्षा जागरूकता के संबंध में पुस्तक वितरित की








हरिद्वार : जिलाधिकारी विनय शंकर पांडेय के निर्देशों के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी प्रतीक जैन सहित जनपद के अधिकारियों ने सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत सड़क सुरक्षा जागरूकता के संबंध में छात्र/छात्राओं को वृहद जानकारी दी।

इस अभियान के माध्यम से 20 हजार से अधिक छात्र-छात्राओं तथा 500 से अधिक शिक्षको को जागरूक किया गया तथा सड़क सुरक्षा जागरूकता के संबंध में विद्यालयों में पुस्तिकाओं का भी वितरण किया गया।

सड़क सुरक्षा जागरूकता के संबंध में अलग-अलग स्कूलों में छात्र/छात्राओं को अपर जिलाधिकारी (वित्त व राजस्व) बीर सिंह बुदियाल, अपर जिलाधिकारी(प्रशासन) पी0एल0 शाह, सचिव एचआरडीए उत्तम सिंह चौहान, नगर मजिस्ट्रेट अवधेश कुमार सिंह, एस0डी0एम0 पूरण सिंह राणा, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 कुमार खगेन्द्र, जिला विकास अधिकारी वेद प्रकाश, मुख्य उद्यान अधिकारी नरेन्द्र यादव, मुख्य शिक्षा अधिकारी के0के0 गुप्ता, मुख्य कृषि अधिकारी विजय देवराड़ी, महाप्रबन्धक उद्योग पल्लवी गुप्ता, रेडक्रास डॉ0 नरेश चौधरी, जिला बचत अधिकारी एस एस पाल, सहायक परिवहन अधिकारी रश्मि पंत, पर्यटन अधिकारी सुरेश यादव, जिला सांख्यिकीय अधिकारी नलिनी ध्यानी, सहायक परियोजना निदेशक नलनीत घिल्डियाल,समाज कल्याण अधिकारी टी0आर0 मलेठा, आपदा प्रबन्धन अधिकारी मीरा कैन्तुरा, जिला युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल अधिकारी मुकेश कुमार भट्ट सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने जानकारी दी। (एजेंसी)

## उत्तराखंड में बनेंगे परिवार पहचान पत्र

देहरादून। उत्तराखंड में अब परिवार पहचान पत्र बनाए जाएंगे। मुख्य सचिव डॉ. एसएस संधु ने बुधवार को सचिवालय में ह्यपरिवार पहचान पत्र उत्तराखण्डह्ल योजना के सम्बन्ध में बैठक ली। योजना के क्रियान्वयन पर मुख्य सचिव के समक्ष नियोजन विभाग की ओर से अपर सचिव नियोजन रोहित मीणा ने विस्तृत प्रस्तुतिकरण दिया।बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परिवार पहचान पत्र योजना के क्रियान्वयन पर शीघ्र से शीघ्र कार्य शुरू किया जाए। उन्होंने कहा कि योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए सभी विभाग आपसी सहयोग से सभी प्रकार का डाटा संग्रहित कर लें। किस किस विभाग से कौन सा डाटा चाहिए, अगले दो से तीन दिन में इसका फॉर्मेट तैयार कर सभी विभागों से मांग लिया जाए। परिवार पहचान पत्र के सफल क्रियान्वयन एवं उद्देश्यों की पूर्ति के लिए विभिन्न विभागों के डेटाबेस को जोड़ने की कार्यवाही की जाए। उन्होंने विभागीय डाटा उपलब्ध कराए जाने के लिए विभागों को नोडल अधिकारी नियुक्त करने के भी निर्देश दिए ताकि योजना का क्रियान्वयन तेजी से किया जा सके।

मुख्य सचिव ने कहा कि जिन विभागों को डाटा कलेक्शन करना है, आपसी सहयोग से मिलकर सभी प्रकार का डाटा कलेक्ट करें। उन्होंने डाटा कलेक्शन के लिए प्रत्येक स्तर पर टाईम लाईन निर्धारित करने के साथ ही सर्वे से पहले फॉर्मेट तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही इसके लिए पोर्टल तैयार कर डाटा ब्लॉक स्तर पर भरे जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए डेडीकेटेड सेल बनाए जाने के साथ ही पर्याप्त मैनपावर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। डाटा कलेक्शन में त्रुटियों की गुंजाइश न रहे इसके लिए लगातार मॉनिटरिंग की जाए। फील्ड लेवल पर औचक निरीक्षण किए जाएं।

अपर सचिव नियोजन रोहित मीणा ने बताया कि परिवार पहचान पत्र उत्तराखंड योजना उत्तराखंड के निवासियों को विभिन्न प्रमाण पत्रों एवं लाभार्थी परक योजनाओं में ईज ऑफ लिविंग, डूइंग में सहायक होगी। उन्होंने कहा कि परिवार पहचान पत्र उत्तराखंड जारी किए जाने से जाति, आय, निवास या दिव्यांग पहचान पत्र को पृथक से आवश्यकता नहीं होगी। इसका संपूर्ण डाटा परिवार पहचान पत्र उत्तराखंड में उपलब्ध रहेगा।

## समाज के उत्थान एवं प्रगति में मीडिया की अहम भूमिका : डीएम

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर राष्ट्र निर्माण में मीडिया की भूमिका विषय पर आयोजित गोष्ठी के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्र निर्माण एवं सशक्तीकरण की शुरूआत व्यक्तिगत स्तर से शुरू होती है। हम सभी की जिम्मेदारी है कि अपने कार्य एवं जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी ईमानदारी से करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपना संपूर्ण सहयोग दें। उन्होंने कहा कि समाज के उत्थान एवं प्रगति में मीडिया की अहम भूमिका है। निर्बल एवं असहाय लोगों की बात हो अथवा किसी भी बुराई एवं समस्या को उजागर करना ही प्रेस का दायित्व है।राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में जीएमवीएन के रुद्रा कॉम्पलेक्स में राष्ट्र निर्माण में



मीडिया की भूमिका विषय पर गोष्ठी एवं परिचर्चा का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने केदारनाथ यात्रा समेत जिले के तमाम मुद्दों को निष्पक्षता के साथ शासन एवं प्रशासन के समक्ष रखने एवं प्रमुखता से प्रकाशन करने के लिए समस्त मीडिया कर्मियों का विशेष धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रेस कर्मियों द्वारा समय पर निर्भिकता के साथ सामाजिक मुद्दों को उजागर करने से प्रशासन को भी सुधार करने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि जिले की प्रगति एवं विकास के लिए किसी भी समस्या एवं सुझाव उनके समक्ष प्रमुखता से रख सकते हैं जिसका हरसंभव समाधान का प्रयास किया जाएगा। जिला प्रेस क्लब के अध्यक्ष बृजेश भट्ट ने प्रेस का इतिहास बताते हुए कहा कि समाज में किसी भी बदलाव या क्रांति में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। अनसूया प्रसाद मलासी ने समाज के हर क्षेत्र में मीडिया की भूमिका, विनय बहुगुणा ने वास्तविक खबरों को अहमियत देने, सुनीत चैधरी ने तकनीकी का वास्तविक व उचित रूप से उपयोग करने, हरीश गुसांई ने सरकार व जनता के मध्य मीडिया की भूमिका पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन करते हुए सूचना अधिकारी रती लाल शाह ने सभी को राष्ट्रीय प्रेस दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राष्ट्र के विकास में मीडिया का महत्वपूर्ण योगदान प्राचीन काल से है और इसका इतिहास बहुत गहरा है। उन्होंने राष्ट्रीय प्रेस दिवस की संगोष्ठी में सम्मिलित होने पर जिलाधिकारी सहित समस्त मीडिया प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर पत्रकार बद्री नौटियाल, रोहित डिमरी, प्रदीप सेमवाल, प्रवीण सेमवाल, भूपेंद्र भंडारी, संदीप भट्टकोटी, कुलदीप राणा, दिलबर बिष्ट, पंकज नेगी, अंकित भट्ट, रविंद्र कप्रवान, राजेश भट्ट, जिला पर्यटन अधिकारी सुशील नौटियाल, जिला बचत अधिकारी सूरत लाल, वरिष्ठ सहायक राजबीर सिंह भंडारी सहित जिला सूचना विभाग के समस्त कार्मिक मौजूद रहे।

### शिविर में 145 लोगों ने कराई आंखों की जांच

नई टिहरी : भिलंगना ब्लाक के ग्यारह गांव पट्टी के गोदाधार में हंस फाउंडेशन के सौजन्य से दो दिवसीय स्वास्थ्य एवं नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में फाउंडेशन की ओर से आये चिकित्सकों ने करीब दो सौ से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निशुल्क दवा और चश्मे वितरित किये। शिविर में 145 मरीजों की आंखों की जांच की गई, 50 लोगों को आंखों के ऑपरेशन के लिए चुना गया, जिनका 24 एवं 28 नवंबर को पौड़ी स्थित सतपुली अस्पताल में ऑपरेशन होगा। (एजेंसी)

### 19 नवम्बर को लगेगा शिविर

नई टिहरी : 19 नवम्बर को भिलंगना की ग्राम पंचायत मुयाल गांव के जीआईसी घण्डियालधार में शिविर आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए सीडीओ मनीष कुमार ने बताया कि शिविर डीएम डा. सौरभ की अध्यक्षता में सुबह 11 बजे से लगाया जायेगा। जिसमें सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दिए जाने के साथ ही प्रमाण पत्र बनाने का काम किया जायेगा। (एजेंसी)

### उद्यम विचार और कार्यान्वयन नाम से नया पाठ्यक्रम शुरू

देहरादून। उद्यमिता विकास और तकनीकी के क्षेत्र में छात्रों को नए अवसर देने के लिए उद्यम विचार और कार्यान्वयन नाम से नया पाठ्यक्रम शुरू किया गया है। बुधवार को उत्तराखंड स्टेट काउंसिल फॉर साइंस एंडएं टेक्नोलॉजी (यूकॉस्ट) के महानिदेशक प्रो. दुर्गेश पंत ने इसका शुभारंभ किया।इस दौरान उन्होंनेकहा कि कि छात्रों के व्यावसायिक दृष्टिकोण को ध्यान मेंरखतेहुए नई शिक्षा नीति के अंतर्गत कई नयी पहल की जा रही है। इसी पहल में देवभूमि उत्तराखंड यूनिवर्सिटी ने उद्यमिता द्वारा शुरू किया गया ह्यउद्यम विचार और कार्यान्वयन पाठ्यक्रम एक बढ़िया प्रयास है।

तीन वर्षीय यह पाठ्यक्रम निश्चित रूप से छात्रों को रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर देगा। विवि की कुलपति प्रो. प्रीति कोठियाल ने बताया कि ये पाठ्यक्रम स्कूल ऑफ़ मैनेजमेंट एंडएं कॉमर्स के अंतर्गत चलाया जाएगा।

## प्लेसमेंट में ग्राफिक एरा की छात्रा का नया कीर्तिमान

### पूजा को बीटेक में 84.88 लाख का पैकेज

देहरादून। उत्तराखंड में ग्राफिक एरा ने प्लेसमेंट के पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़कर एक नया कीर्तिमान रच दिया है।

ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी की बीटेक की वर्ष 2023 बैच की एक छात्रा ने 84.88 लाख रुपये का पैकेज पाकर नया रिकॉर्ड बना दिया है। ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी की कम्प्यूटर साईंस इंजीनियरिंग की छात्रा पूजा को यह पैकेज प्रतिष्ठित सॉफ्टवेयर कम्पनी एटलासियन ने ऑफर किया है। टिहरी गढ़वाल जनपद के सकलाना क्षेत्र के घेना गांव निवासी पूजा के पिता जय सिंह ठेकेदार हैं। पूजा ने इस कामयाबी के लिए अपने अभिभावकों के साथ ही ग्राफिक एरा को श्रेय दिया है। पूजा ने कहा कि ग्राफिक एरा का माहौल आगे बढ़ने और कुछ नया करने की प्रेरणा देता है।

चेयरमैन डॉ. कमल घनशाला खुद क्लास लेकर कठिन विषयों को भी बहुत सहज ढंग से इस तरह समझाते हैं कि छात्र–छात्राओं की दिलचस्पी बढ़ जाती है। विश्वविद्यालय की उच्च स्तरीय फैकल्टी और अत्याधुनिक तकनीकों से परिपूर्ण प्रयोगशालाएं विद्यार्थियों को उद्योग जगत की जरूरतों से जोड़ देते हैं।

इस बीच वर्ष 2022 के बैच के प्लेसमेंट आखिरी चरण में पहुंच गए हैं। इस बैच से माइक्रोसॉफ्ट 50.17 लाख रुपये के पैकेज पर प्लेसमेंट ऑफर दे चुका है। अमेजॉन ने ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी और ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी के बीटेक कम्प्यूटर साईंस के बैच 2022 के शुभम राणा (देहरादून), हर्ष वर्धन (मेरठ), संस्कार सिंघल (देहरादून), कृतिका पांडेय (रामनगर), प्रियंका कोरंगा (देहरादून) व शिवी अग्रवाल (बिजनौर), आयुष बहुखंडी (देहरादून), भीमताल कैम्पस के हिमांशु भट्ट (भीमताल), प्रज्वल पांडेय (हल्द्वानी) तथा गौतम जोशी (पिथौरागढ़) को 44.14 लाख रुपये का पैकेज ऑफर किया है।इनसे पहले अमेजॉन ने ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी की भूमिका शर्मा (देहरादून), तान्या चेतना वैश (गोरखपुर) व ध्रुव रावत (देहरादून) और ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी के देहरादून कैम्पस के विकास थपलियाल का इतने ही पैकेज पर चयन किया है। शिवी अग्रवाल को माइक्रोसॉफ्ट 50.17 लाख रुपये के पैकेज पर प्लेसमेंट ऑफर दे चुकी है।

अब तक दुनिया की मशहूर कम्पनियों अमेजॉन, वॉलमार्ट, इन्फोमेटिका, जीस्केलर, इन्फोसिस, कैपजैमिनि, टीसीएस, एसेंचर आदि में वर्ष 2022 बैच के 4100 से अधिक छात्र–छात्राओं के प्लेसमेंट हो चुके हैं। ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी को टाइम्स, न्यूयॉर्क की वर्ल्ड रैंकिंग में स्थान मिलने और केंद्र सरकार की देश के सौ टॉप विश्वविद्यालयों की सूची में लगातार तीसरे साल और अच्छी रैंकिंग (74वीं रैंक) मिलने के साथ ही नैक से ए प्लस ग्रेड हासिल होना, इसकी उच्च स्तरीय गुणवत्ता का प्रमाण बन गया है।

### नेपाली मजदूर बेहोशी की अवस्था में पुलिस को मिला

विकासनगर। कोतवाली रोड चर्चके पास एक नेपाली मजदूर बेहोशी की अवस्था में पुलिस को मिला है। मजदूर को पुलिस ने उपजिला चिकित्सालय मेंभर्ती कराकर उपचार दिलवाया। मजदूर के पास सेबरामद मोबाइल फोन और 96 हजार रुपये पुलिस ने परिजनों को सौंप दिए हैं।

मंगलवार रात को पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति चर्चके पास बेहोश पड़ा है। इस पर चीता कर्मी मौके पर पहुंचे। बेहोश नेपाली मजदूर को उपजिला चिकित्सालय मेंभर्ती करवाकर उपचार करवाया। लेकिन होश में आने के बावजूद मजदूर कुछ बता नहीं पाया। पुलिस नेमजदूर के फोन सेउसकी पत्नी को फोन कर विकासनगर बुलाया।

## जामुन, यूकेलिप्टिस समेत अन्य पेड़ों को काटने का आरोप

विकासनगर। भीमावाला निवासी एक ग्रामीण नेखेत से जामुन, यूकेलिप्टिस समेत अन्य पेड़ों को काटने का आरोप लगाया है। इस मामले में व्यक्ति ने विकासनगर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। आरोप लगाया कि पीड़ति की लाखों रुपये की लकड़ी को चोरी छिपे बेचा जा रहा है। बताया कि गत वर्ष भी उक्त व्यक्ति ने लाखों रुपये की लकड़ी बेच डाली थीं।

दिनेश पुत्र सुल्तान निवासी भीमावाला नेविकासनगर पुलिस को दी तहरीर मेंबताया कि शांतिधाम भीमावाला में उनकी पुश्तैनी जमीन है। दावा है कि यहां पर जामुन, बेग और यूकेलिप्टिस के सैकड़ों पेड़ हैं। बताया कि गत रात्रि को गांव के एक व्यक्ति ने चोरी छिपे उनके चालीस पेड़ काट डाले और अब उसकी लकड़ी को बेच रहा है। बताया कि करीब ढाई लाख रुपये की लकड़ी है, जिसे आरोपी पक्ष बेचने की फिराक में है। बताया कि गत वर्ष भी उक्त व्यक्ति ने करीब कई पेड़ों को काटकर चार लाख रुपये की लकड़ी बेची है। ग्रामीण के इस आरोप पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मौका मुआयना किया। एसआई पंकज कुमार ने बताया कि पेड़ प्रतिबंधित प्रजाति के नहीं हैं। बताया कि आरोपी पक्ष और शिकायत कर्ता जमीन पर अपना अपना स्वामित्व बता रहे हैं। बताया कि दोनों पक्षों से जमीन के दस्तावेजों व क्षेत्रीय लेखपाल से खाता खतौनी मंगाई गयी है।

## अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई पर व्यापारियों ने किया विरोध

विकासनगर। बाजार में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई का व्यापारियों ने विरोध किया। व्यापारियों ने बिना सूचना के अभियान चलाये जाने को लेकर विरोध किया। पुलिस और नगर पालिका प्रबंधन ने सख्त रुख अख्तियार करते हुए अतिक्रमण हटाया और हाईवे पर लगाये गये होर्डिंग और बोर्ड जब्त किए। इस दौरान व्यापारियों, पुलिस और पालिका कर्मियों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। पुलिस का कहना है कि मंगलवार को व्यापारियों के साथ बैठक में अतिक्रमण हटाने पर व्यापारियों की सहमति बनी। लेकिन अब कुछ व्यापारी कार्रवाई देख विरोध कर रहे हैं।दोपहर करीब बारह बजे नगर पालिका व कोतवाली पुलिस की टीम बाजार चौकी प्रभारी किशन देवरानी के नेतृत्व में अतिक्रमण हटानेके लिए बाजार मेंउतरी। टीम नेपुलिस चौकी सेलेकर गीता भवन तक और गीता भवन सेलेकर डाकपत्थर तिराहे तक अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान अभियान शुरू करने से पहले कई व्यापारियों ने अपनी ठेली, रेहड़ी हटाने के साथ ही फुटपाथ को खाली कर दिया था, लेकिन अधिकांश व्यापारी बाजार में डटे रहे। जब पालिका और पुलिस की टीम ने हाई वे पर लगे होर्डिंग और दुकानों के बोर्ड हटाकर जब्त कर ट्रक में भरे तो व्यापारी विरोध में उतर आये। इसके बाद पुलिस अधिकारी कर्मचारियों, पालिका कर्मियों और व्यापारियों के बीच जमकर तीखी नोकझोंक हुई। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि पुलिस बिना पूर्व सूचना के सीधे अतिक्रमण हटाने पहुंची है। कहा कि अभियान से पहले व्यापारियों को सूचना दी जानी चाहिए थी। आरोप लगाया कि पुलिस तानाशाही पर उतर आयी है, जिसका पुरजोर विरोध किया जायेगा। व्यापारियों का पुलिस उत्पीड़न नहीं होने दिया जायेगा और जोर जबरदस्ती करने पर पुलिस की कार्रवाई का विरोध किया जायेगा।\

### भाजपा जिला अध्यक्ष रविंद्र राणा का भव्य स्वागत किया

देहरादून। भारतीय जनता पार्टी बालावाला मंडल नेनवनियुक्त भाजपा ऋषिकेश जिला अध्यक्ष रविंद्र राणा का भव्य स्वागत किया। स्वागत समारोह मेंकार्यकर्ताओं को संबोधित करतेहुए जिला अध्यक्ष रविंद्र राणा नेकहा कि वेसंगठन को मजबूत करनेव संगठन की रीति नीति को बूथ स्तर तक पहुंचाने, केंद्र–राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से आम जन को लाभ पहुंचाने का काम करेंगे। उन्होंने आगामी चुनावों में परचम लहराने के लिए कार्यकर्ताओं से अभी से कमर कसने की अपील की। जिला अध्यक्ष ने कहा कि कार्यकारणी गठन के बाद वे जिले भर में नशा मुक्ति के लिए बृहद अभियान चलाएंगे ।

## छात्र—छात्राओं, अभिभावकों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया

विकासनगर। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान की ओर से आयोजित कार्यशाला में छात्र–छात्राओं, अभिभावकों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

बुधवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान की ओर सेराजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अपर कंडोली एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। पुलिस की साइबर सेल के एसआई हिम्मत सिंह नेउत्तराखंड मेंसाइबर अपराधों की प्रभावी रोकथाम के लिए किए जा रहेप्रयासों की जानकारी दी। इसके साथ ही सुरक्षा मिशन, साइबर शिकायत कैसेदर्जकरें, बैंकिंग, मोबाइल, सोशल मीडिया, कंप्यूटर संबंधी धोखाधड़ी कैसे होते हैं और इनसे बचने के उपाय की जानकारी छात्र–छात्राओं समेत अभिभावकों को दी गई। डायट प्रवक्ता अर्चना गार्ग्यनेसाइबर सुरक्षा के तहत किए जानेवालेउपाय और शैक्षणिक गतिविधियों में इसकी उपयोगिता और सुरक्षा के विषय में जानकारी दी।

अरूण थपलियाल ने कहा कि वर्तमान दौर मेंइंटरनेट का प्रयोग अधिक हो रहा है। बच्चेबचपन सेही इंटरनेट का अधिक प्रयोग करतेहैं, जिससेइनके साथ साइबर क्राइम और ब्लैकमेलिंग का खतरा अधिक बनी रहती है। ऑनलाइन पढ़ाई का चलन बढ़ रहा है, लेकिन बच्चेगलत साइट पर न जाएं, एं इसका ध्यान रखा जाना जरूरी है।

अभिभावकों को बच्चों पर निगरानी रखनी चाहिए। बच्चों को यह बताना जरूरी हैकि सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों पर अपनी निजी जानकारी और अपना पासवर्ड साझा नहीं किया जाना चाहिए। इस दौरान प्रधानाचार्यभूपेंद्र प्रकाश नवानी, मनोज बेनीवाल, सुशील चंद्र गैरोला, दीपिका पंवार, ऋचा जुयाल, हेमलता नौटियाल, ममता राणा, ऋतुकुकरेती, मक्खन लाल शाह, लव प्रकाश, रमा गौड़, सुमन नेगी, रजनी नेगी आदि मौजूद रहे।

## सहिष्णुता के संस्कार बच्चों को बचपन से ही देने होगें : स्वामी चिदानन्द सरस्वती

ऋषिकेश : आज अंतर्राष्ट्रीय सहिष्णुता दिवस के अवसर पर परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि वर्तमान समय में न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व को सहिष्णुता, शान्ति और अहिंसा की नितांत आवश्यकता है। परमार्थ निकेतन में लेफ्टिनेंट जनरल ए नटराजन, एवीएसएम, वीएसएम, लेफ्टिनेंट जनरल जी एस सिहोटा तथा सांसद, अध्यक्ष भारतीय कुश्ती संघ बृज भूजण शरण सिंह जी दर्शनार्थ आये, उन्होंने स्वामी जी से भेंट कर परमार्थ निकेतन गंगा आरती और विश्व शान्ति हवन में सहभाग किया। स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने कहा कि सहिष्णुता, सहनशीलता, धैर्य





मनुष्य का गहना है, जिसके बल पर विपरीत परिस्थितियों में भी प्रसन्न रहा जा सकता है। हमें सहिष्णुता के संस्कार बच्चों को बचपन से ही देना होगा तभी एक शान्तिपूर्ण भविष्य का निर्माण सम्भव हो सकता है। स्वामी ने कहा कि असहिष्णुता केवल समाज की व्यवस्था को ही छिन्न–भिन्न नहीं करती है, बल्कि इसका राष्ट्र व्यापी प्रभाव होता है। असहिष्णुता के कारण राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय छवि पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है इसलिये राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर एकता एवं अखण्डता को अक्षुण्ण रखने के लिये भी सहिष्णुता को बनाये रखना अत्यंत आवश्यक है। स्वामी ने कहा कि भारतीय संस्कृति की आत्मा में संवाद की संस्कृति बसी है। भारतीय संस्कृति युद्ध की नहीं बुद्ध की संस्कृति है। विश्व बंधुत्व, शान्ति, अहिंसा, सद्भाव और समरसता आदि अनेक सूत्र जो भारत की माटी और कण–कण में विद्यमान है और यही भारत की पहचान भी है। भारत ने न कभी वार किया न ही प्रहार किया बल्कि भारत सनातन काल से ही शान्ति का अग्रदूत रहा है। भारत का पूरा इतिहास अहिंसा और शान्ति का रहा है। वर्तमान समय में भारत दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में से एक है, एक विकासशील और समृद्ध राष्ट्र है साथ ही शान्ति का अग्रदूत है और यही भारत की वास्तविक पहचान भी है। भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के कारण ही भारत का जीवन जीने का एक अनूठा अंदाज है। स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने सभी विशिष्ट अतिथियों को रूद्राक्ष का पौधा भेंट कर उनका अभिनन्दन किया। (एजेंसी)

# ...अब ठंड मा ल्यावा मूला, गिंठी और पिंडलू कू स्वाद

## ठंड के साथ ही बढ़ने लगी पहाड़ी सब्जियों की डिमांड, बेहतर बाजार से पर्वतीय क्षेत्र के काश्तकारों के खिले चेहरे

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** हमर पहाड़ मा एक कहावत च कि जैन ठंड मा मूला, गिंठी और पिंडलू कू स्वाद ल्या उ कत्ती बीमरियों से बच सकूद। यू ही एक कारण च कि ठंड मा पहाड़ क सब्जी व दालो क जरूरत बढ़ ज्यांद। इन मा गढ़वाल क मुख्य बाजार कोटद्वार भी पहाड़ी सब्जी व दालों से गुलजार हूंण बैठ ग्या। लगातार बढ़णी डिमांड से पहाड़ मा खेती करणा गांव ओलोक भी मुक खिलणू च।

पहाड़ों में ठंड के दौरान सब्जियों की उपज बढ़ने लगी है। यही कारण है कि पहाड़ से सब्जियों की कई प्रजातियां मैदान में बिकने के लिए पहुंचने लगी है। सब्जियों की डिमांड बढ़ने से पहाड़ी काश्तकारों के चेहरे भी खिल उठे हैं। कोटद्वार से दिल्ली व अन्य मैदानी क्षेत्रों को जाने वाली प्रवासी भी भर–भरकर सब्जियां लेकर जा रहे हैं। कोटद्वार में सबसे अधिक सब्जी दुगड्डा, यमकेश्वर व रिखणीखाल ब्लाक के विभिन्न गांव से पहुंच रही है। बाजार में माल्टे की भी काफी डिमांड है।

### पहाड़ी दालों की भी बढ़ी मांग

बाजार में पहाड़ी सब्जी के साथ ही पहाड़ी दाल की भी डिमांड बढ़ने लगी है। पहाड़ी दाल विक्रेता राजू सिंह ने बताया कि ठंड में पहाड़ी उत्पादों की अधिक बिक्री होती है। मैदान में जाने वाले प्रवासी सबसे अधिक दालों की खरीदारी कर रहे हैं। लगातार बढ़ रही डिमांड से काश्तकारों को भी लाभ हो रहा है।

### यह है दाम

| सब्जी | दाम |
|---|---|
| मूला | 50 रुपये किलो |
| गेंठी | 80 रुपये किलो |
| पिंडालू | 50 रुपये किलो |



कोटद्वार के बदरीनाथ मार्ग में सड़क किनारे लगी पहाड़ी सब्जी की दुकान।

### इम्यूनिटी सिस्टम बढ़ाती है सब्जी

पहाड़ी उत्पाद प्रोटीन से भरपूर रहते हैं। यही कारण है कि कोरोना काल में इम्यूनिटी सिस्टम बढ़ाने के लिए भी इन सब्जियों की काफी मांग थी। ठंड के मौसम में पहाड़ी उत्पादों की अधिक डिमांड रहती है। वहीं, बाजार में पहाड़ी दाल की भी काफी मांग है।

# 18 को होगा फुटबाल व वालीबॉल टीम का चयन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : जिला क्रीड़ा अधिकारी गिरीश कुमार ने बताया कि जिला खेल विभाग, उत्तरकाशी द्वारा आगामी 22 से 25 नवम्बर तक मनेरा स्टेडियम में अण्डर-19 बालिकाओं की राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जनपद पौड़ी गढ़वाल की फुटबाल टीम को प्रतियोगिता में प्रतिभाग हेतु आमंत्रित किया गया है।

जिला क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि जनपद पौड़ी गढ़वाल की फुटबाल टीम का आगामी 18 नवम्बर को स्व0 शशिधर भट्ट स्पोर्ट्स स्टेडियम, कोटद्वार में चयन किया जाना है। उन्होंने बताया कि खेल विभाग पौड़ी द्वारा 22 से 24 नवम्बर तक राज्य स्तरीय वालीबॉल प्रतियोगिता ओपन बालक वर्ग का आयोजन किया जाना है, जिस हेतु जनपद पौड़ी का वालीबॉल टीम के लिए चयन ट्रायल 18 नवम्बर को पुलिस लाईन पौड़ी में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि चयन ट्रायल में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को स्थायी निवास प्रमाण पत्र व एक रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो तथा आधार की प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

# नाले में फंसा सांड, जेसीबी से निकाला बाहर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत लकड़ीपड़ाव मोहल्ले में एक सांड सड़क किनारे नाले में फंस गया। आसपास के लोगों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची नगर निगम की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद जेसीबी से सांड को बाहर निकाला।

मालूम हो कि कोटद्वार शहर में लगातार आवारा पशुओं की संख्या बढ़ती जा रही है। आए दिन आवारा पशुओं की चपेट में आने से शहरवासी चोटिल हो रहे हैं। नगर निगम की ओर से काशीरामपुर तल्ला में बनाई गई गोशाला भी केवल सफेद हाथी बनकर रह गई है। क्षेत्रवासी लगातार आवारा पशुओं के संरक्षण की मांग उठा रहे हैं। बावजूद इसे शासन-प्रशासन लापरवाह बना हुआ है।



लकड़ीपड़ाव क्षेत्र में नाले के अंदर फंसा सांड।

बुधवार दोपहर लकड़ीपड़ाव क्षेत्र में सड़क पर घूम रहा एक सांड अचानक नाले के अंदर घुस गया। आसपास मौजूद लोगों ने उसे बाहर निकालने का प्रयास किया। लेकिन, वह सफल नहीं हो पाए। इसके बाद मौके पर पहुंची नगर निगम की टीम ने जेसीबी की मदद से सांड को नाले से बाहर निकाला। रेस्क्यू अभियान के दौरान सांड पर भी मामूली चोट आ गई थी।

# स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार



कोतवाली में स्मैक के साथ पकड़ा गया आरोपी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोतवाली पुलिस ने 7.50 ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह ने बताया कि नशे के खिलाफ अभियान चलाने के लिए पुलिस की विशेष टीम गठित की गई है। ऐसे में पुलिस को सूचना मिली कि जौनपुर क्षेत्र में एक युवक संदिग्ध अवस्था में घूम रहा है। बताया कि मौके पर पहुंची टीम ने जब उसकी तलाशी ली तो उसकी जेब से स्मैक बरामद हो गई। अरोपी की पहचान जौनपुर कालीदास मार्ग निवासी शेर खान पुत्र अब्दुल करीम के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि आरापी उत्तर प्रदेश के बरेली से स्मैक खरीदकर उसे क्षेत्र के युवाओं को महंगे दामों में बेचता था। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# करंट लगने से एक महिला की मौत

कोटद्वार : तहसील सतपुली के विकास मोहल्ला वार्ड में करंट लगने से एक महिला की मौत हो गई। महिला नहाने के लिए बाथरूम में गई थी, इसी दौरान महिला को करंट लग गया। जिससे वह जोर से चिल्लाई। जिस पर परिजनों और पड़ोसियों द्वारा बाथरूम का दरवाजा तोड़कर महिला को बाहर निकालकर हंस अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पंचनामा व कोटद्वार बेस अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है ।राजस्व निरीक्षक अमित नेगी ने बताया कि मंगलवार दोपहर लगभग साढ़े 12 बजे नगर पंचायत सतपुली के विकास मोहल्ला वार्ड में रहने वाली वैशाली पत्नी विकास रावत, उम्र 26 वर्ष नहाने के लिए बाथरूम में गई थी। जहां करंट का झटका लगने से वैशाली जोर से चिल्लाई। जिस पर परिजनों और पड़ोसियों द्वारा बाथरूम का दरवाजा तोड़कर वैशाली को बाहर निकालकर हंस अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने वैशाली को मृत घोषित कर दिया। पंचनामा और कोटद्वार बेस अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया है।

# महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने फूंका विवि का पुतला

## अधिकांश विद्यार्थियों को फेल करने पर जताया रोष

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः बीए, बीकाम व बीएससी की परीक्षाओं में अधिकांश विद्यार्थियों को फेल करने पर महाविद्यालय के छात्रों का आंदोलन दूसरे दिन भी जारी रहा।

आक्रोशित विद्यार्थियों ने श्री देव सुमन विश्व विद्यालय का पुतला दहन करते हुए दोबारा परीक्षा परिणाम जारी करने की मांग उठाई। इस दौरान छात्रों की समस्या को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने भी प्राचार्य का घेराव किया। कहा कि जब तक परीक्षा परिणाम दोबारा जारी करने का आश्वासन नहीं मिलता, वह महाविद्यालय में कक्षाओं का संचालन नहीं होने देंगे।

बुधवार को छात्र–छात्राएं महाविद्यालय के प्रवेश द्वार में एकत्रित हुए। यहां विद्यार्थियों ने श्री देव सुमन विश्वविद्यालय के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया। विद्यार्थियों ने कहा कि अगस्त माह में बीए, बीकाम व बीएससी की परीक्षा आयोजित की गई थी। कुछ दिन पूर्व जारी हुए परीक्षा परिणाम में अधिकांश विद्यार्थियों को फेल किया गया है। कहा कि जब तक उन्हें दोबारा कापी की जांच कर परीक्षा परिणाम घोषित करने का आश्वासन नहीं मिलता, वह अपना आंदोलन जारी रखेंगे। इस मौके पर छात्र नेता हिमांशु बहुखंड़ी, हिमांशु डबराल, अतुल भारती, अंकित थपलियाल, सुमित गोयल, अभिषेक अग्रवाल, विजय रावत आदि मौजूद रहे। वहीं, परीक्षा परिणाम जारी करने में लापरवाही का आरोप लगाते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने प्राचार्या जानकी पंवार का घेराव किया। कहा कि विश्वविद्यालय व महाविद्यालय विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है। छात्र हितों की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर जिला संयोजक तरूण ईष्टवाल, नगर मंत्री मयंक विश्नोई, अनुराग थापा, शिवांशु शाह, अतिन रावत, क्षितिज अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विवि का पुतला दहन करते विद्यार्थी

# वर्तमान में खोजी पत्रकारिता की आवश्यकता : बहुगुणा

## पत्रकारिता का मूल कर्तव्य आम व गरीब की खबरों को प्रमुखता से उठाना

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी :** जिला सूचना अधिकारी पौड़ी वीरेन्द्र सिंह राणा की अध्यक्षता में बुधवार को जिला सूचना कार्यालय पौड़ी में राष्ट्र निर्माण में मीडिया की भूमिका विषय पर राष्ट्रीय प्रेस दिवस-2022 की गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ मीडियाकर्मी अनिल बहुगुणा ने कहा कि पत्रकार छोटे स्तर पर कार्य करते हुए राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। आज खोजी पत्रकारिता की आवश्यकता है, जिससे आम जनसमस्याओं का समाधान किया जा सके। उन्होंने कहा कि समाज को सकारात्मक दिशा देने के लिए कभी-कभी खबरों में रचनात्मक चीजों को जोड़ने का भी सहारा लेना पड़ता है।

पौड़ी प्रेस क्लब के अध्यक्ष राकेश रमण शुक्ला ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय सकारात्मक व जनपक्ष की पत्रकारिता करते हुए सभी मीडिया कर्मियों को आत्मचिंतन व सहयोग की भावना से कार्य करते हुए जन सामान्य के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म को भी समय के अनुकूल अब अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने के बारे में मंथन करने की जरूरत है और समाचारों को उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए कार्य करने की आवश्यकता है। ग्रामीण पत्रकार जगमोहन डांगी ने कहा कि सभी पत्रकारों को आपस में सहयोग के भाव से कार्य करना चाहिए। खबरों के आदान-प्रदान से दूरस्थ क्षेत्रों की खबरों का प्रमुखता से उठाया जा सकता है। पत्रकार पंकज मैंदोली ने कहा कि पत्रकारों के काम पर बात होनी चाहिए। पत्रकारिता का मूल कर्तव्य आम व गरीब की खबरों को प्रमुखता उठाना है। उन्होंने कहा कि स्थानीय व छोटे क्षेत्र की पत्रकारिता आज वास्तविकता के ज्यादा करीब है। पत्रकार कमल पिमोली ने कहा कि सभी पत्रकारों का कर्तव्य है कि वे पत्रकारिता के मूल सिद्धांत पर कार्य करें। जल्दी खबर चलाने के चक्कर में खबरों की विश्वसनीयता से समझौता न करें।

जिला सूचना अधिकारी वीरेन्द्र सिंह राणा ने अपने सम्बोधन में कहा कि राष्ट्र निर्माण में मीडिया की भूमिका विषय को इसलिए रखा गया है ताकि जब भारत 2047 तक अपने को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में देखना चाहता है तो उसके लिए मीडिया को अपनी भूमिका को पुनः निर्धारित व परिभाषित करने की जरूरत है। वर्तमान ग्लोबल युग में जो विश्वव्यापी बदलाव दृष्टिगोचर हो रहे है उसके अनुकूल मीडिया को अपने आपको तैयार करना होगा। उन्होंने कहा कि सूचना क्रान्ति के इस युग में चुनौतियां और संभावनाऐं दोनों मौजूद है तथा जो चुनौतियों को संभावनाओं में कन्वर्ट करने का हुनर रखेगा वही सफल होगा। वर्तमान सूचना युग में सोशल मीडिया प्लेटफार्म अर्थात न्यू मीडिया का जो दौर चल पड़ा है जिसमें हर किसी को एक मंच मिला है, विकल्प मिला है अपने हुनर को दिखाने का तथा सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर नई-नई वेबसाइट और सूचना पोर्टल्स की बाढ़ सी आ गयी है। इसी के चलते इसके अति उपयोग अथवा कतिपय दुरूपयोग के बहुत से साइड इफैक्ट भी देखने को मिल रहे है। गोष्ठी में वरिष्ठ पत्रकार गुरूवेन्द्र नेगी, मनोहर बिष्ट, मुकेश बछेती, कुलदीप बिष्ट, सिदान्त उनियाल, मुकेश कुमार, गणेश नेगी, दीपक बड़थ्वाल, महेन्द्र नेगी, पंकज रावत, प्रदीप नेगी, करन नेगी सहित सूचना विभाग से संरक्षक प्रमोद बर्तवाल, मानवेन्द्र कंडारी, हरेन्द्र कुमार उपस्थित थे।



राष्ट्र निर्माण में मीडिया की भूमिका विषय पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए पत्रकार।

# पेयजल व्यवस्था में सुधार हेतु जल्द शुरू होगी टेंडर प्रक्रिया, मंजूरी प्रदान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**श्रीनगर गढ़वाल** : श्रीनगर की पेयजल व्यवस्था में सुधार एवं समस्याग्रस्त क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति सुचारु करने के लिए सीएम की घोषणा के अनुरूप 4 करोड़, 95 लाख, 48 हजार रुपये के बजट की प्रशासनिक एवं वित्तीय मंजूरी प्रदान की गई है। जबकि प्रथम किस्त के रूप में एक करोड़, 98 लाख रुपये की धनराशि व्यय हेतु स्वीकृत की गई है। जल्द ही योजना के सुदृढ़ीकरण के लिए जल संस्थान की ओर से टेंडर प्रक्रिया जारी की जाएगी।

श्रीनगर के अंतर्गत पेयजल आपूर्ति योजना के सुदृढ़ीकरण कार्य की योजना की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति मिलने से श्रीनगर, श्रीकोट, डांग आदि स्थानों पर समस्याग्रस्त क्षेत्रों में पेयजल लाइनों की मरम्मतीकरण, लाइन बदलने व फिल्टर बदले जाने आदि कार्य होंगे।

इससे श्रीनगर में पानी की व्यवस्था में और सुधार आएगा। जल संस्थान के सहायक अभियंता कृष्णकांत का कहना है कि योजना के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान हुई है। उन्होंने कहा कि योजना के सुदृढ़ीकरण के लिए टेंडर प्रक्रिया जारी की जाएगी।

उसके बाद कार्य शुरू कर दिया जाएगा। भाजपा के जिला मंत्री जितेंद्र रावत ने कहा कि श्रीनगर में पानी की व्यवस्था में और सुधार के लिए सरकार की ओर से की गई यह पहल सराहनीय है। उन्होंने इसके लिए सीएम पुष्कर धामी एवं श्रीनगर विधायक डा. धन सिंह रावत का आभार जताया है।

# ग्रामीणों की समस्याओं का हो निराकरण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** रिखणीखाल के सीमांत गांव तैडिया के ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर क्षेत्र पंचायत सदस्य ने जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। कहा कि पूर्व में आश्वासन के बाद भी समस्या को लेकर लापरवाही बरती जा रही है।

समस्याओं को लेकर क्षेत्रपंचायत सदस्य बिनीता ध्यानी ने जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। उन्होंने बताया कि तैडिया क्षेत्र ब्लाक मुख्यालय से पचास किलोमीटर दूर है। ऐसे में ग्रामीणों को विविध कागजी कार्रवाई, पेंशन योजनायें , पेयजल, सड़क , शिक्षा, स्वास्थ्य, पशुपालन ,ग्राम्य विकास, राजस्व, कार्बेट पार्क प्रशासन, अतिरिक्त वन प्रभाग व भूमि संरक्षण, पंचायत राज, समाज कल्याण समेत कई कार्यों के लिए समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

ग्रामीणों की समस्याओं का समय पर निराकरण हो इसके लिए गांव में शिविर लगाया जाना चाहिए।

साथ ही कार्बेट नेशनल पार्क से लगे तैड़िया गांव में किसी भी तरह का विकास कार्य न होने जैसे राजीव गांधी राष्ट्रीय विद्युतीकरण योजना से न जोड़ा जाना तथा निवासरत चालीस परिवारों के आवागमन हेतु तैड़िखाल से तैड़िया तक दो किलोमीटर वन मोटर मार्ग या मार्ग चौड़ीकरण नहीं होने से भी ग्रामीणों में रोष बना हुआ है।

# दुकान में चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, एक फरार

## कुछ दिन पूर्व भाबर क्षेत्र के मवाकोट में दुकान से हुई थी चोरी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार।** मवाकोट में एक दुकान का ताला तोड़ वहां रही पाइप कटिंग मशीन चोरी करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जबकि, मामले में एक अन्य आरोपी अब भी फरार चल रह है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह ने बताया कि घटना के संबंध में मवाकोट निवासी दीपक लखेड़ा की ओर से तहरीर दी गई थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि दो दिन पूर्व कोई अज्ञात व्यक्ति उनकी दुकान का ताला तोड़ वहां रखी पाइप कटिंग मशीन को ले गया है।

बताया कि आसपास के सीसीटीवी फुटेज चेक करने पर पुलिस को दो युवक स्कूटी में दुकान से मशीन ले जाते हुआ नजर आए। बुधवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि उक्त नंबर की स्कूटी में सवार एक युवक मवाकोट क्षेत्र में घूम रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस युवक को पकड़कर कोतवाली ले आई। बताया कि युवक से पूछताछ के बाद चोरी की गई मशीन को भी बरामद कर लिया गया है। युवक की पहचान लकड़ीपड़ाव निवासी नदीम उर्फ पौधा के रूप में हुई है।

वहीं, मामले में लकड़ीपड़ाव निवासी हसीन उर्फ कालिया अब भी फरार चल रहा है।



कोटद्वार कोतवाली में पुलिस हिरासत में चोर।

# एसएमजेएन कालेज में किया जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन

हरिद्वार। एस.एम.जे.एन. कॉलेज में आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा व्यक्तिगत मामलों को नियंत्रित करने वाले कानून व समान नागरिक संहिता पर गठित विशेषज्ञ समिति का जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समान नागरिक संहिता पर गठित विशेषज्ञ समिति के पूर्व मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन शत्रुघ्न सिंह, दून विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो.सुलेखा डंगवाल, समाजसेवी मनु गौड़, उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.दिनेश चन्द्र शास्त्री उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारम्भ समान नागरिक संहिता पर गठित विशेषज्ञ समिति के पूर्व मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन शत्रुघ्न सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि समिति का गठन उत्तराखण्ड सरकार द्वारा समान नागरिक संहिता की सम्भावनायें तलाशने हेतु किया गया है। इसमें सभी स्टैक होल्डर्स की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यह सोचनीय प्रश्न है कि आजादी के 75 वर्षों के बाद भी भारत के संविधान में वर्णित नीति–निदेशक तत्व में उल्लिखित अनुच्छेद–44 की भावना के साथ न्याय नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि विवाह उत्तराधिकार तथा व्यक्तिगत मामलों को नियंत्रित करने वाली विधियों को सार्वभौमिक रूप से लागू करने का प्रयास किया जाना चाहिए, परन्तु समिति के सम्मुख सबसे बड़ी चुनौती है कि विविधताओं से भरे भारतीय समाज में इस प्रकार की सार्वभौमिक भूमि कैसे लागू की जा सकती है। उन्होंने विशेषकर बौद्धिक वर्ग से आग्रह किया कि वह समिति के कार्यों को आसान बनाने के लिए तथा उत्तरदायी नागरिक का कर्तव्य निभाने के लिए बढ़–चढ़कर समिति को समान नागरिक संहिता पर सुझाव दें। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार बत्रा ने अपने सम्बोधन में कहा कि यह वर्तमान की मांग है कि हम तलाक, विवाह व उत्तराधिकार के समान कानूनों की ओर आगे बढ़ कर कार्य करें । उन्होंने कहा कि विशेषज्ञ समिति द्वारा जन संवाद कार्यक्रम का प्रारम्भ किया जाना बेहद सराहनीय पहल है और इससे प्रतिभागी लोकतंत्र की अवधारणा मजबूत होती है। उन्होंने पुरुष एवं महिला के विवाह के लिए 25 वर्ष की उम्र के निर्धारण की बात कही पैतृक सम्पति में



महिला की हिस्सेदारी की भी बात समान नागरिक संहिता में सम्मिलित करने के लिए अपनी बात रखीं। समान नागरिक संहिता समिति की सदस्या प्रो.सुलेखा डंगवाल, कहा कि कोई भी परम्परा यदि वह आधी आबादी अर्थात् महिलाओं की गरिमा के पक्ष में न हो तो ऐसी परम्परा अथवा कानून का आधुनिक समाज में कोई स्थान नहीं रहना चाहिए। समान नागरिक संहिता समिति की सदस्य मनु गौड़ ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि समिति के सम्मुख सबसे बड़ी चुनौती आधुनिक समाज में आने वाली विभिन्न नई प्रवृत्तियाँ हैं। उन्होंने कहा कि तकनीक तथा इंटरनेट के विकास के कारण हम ऐसे समाज में जी रहे हैं जहाँ विवाह, तलाक तथा उत्तराधिकार के समान कानून, समय की आवश्यकता है। उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश चन्द्र शास्त्री ने सनातन धर्म की परम्पराओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इन परम्पराओं को अक्षुण्ण रखना ही समिति का उद्देश्य होना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन करते हुए आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के समन्वयक डा. संजय कुमार माहेश्वरी ने समिति से आग्रह किया कि वे कोई भी कानून बनाते हुए व्यक्ति की मूलभूत गरिमा विशेषकर वैयक्तिक अधिकारों का संरक्षण सुनिश्चित करें। उन्होंने आगे जोड़ा कि भारत सदैव से ही विभिन्न सामाजिक समूहों के प्रति उदार रहा है, अतः उदारतापूर्ण तरीके से ही विभिन्न विभिन्नताओं को समायोजित किया जाना चाहिए। समिति द्वारा मांगे गये सुझावों पर बोलते हुए राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष विनय थपलियाल ने कहा कि निश्चित रूप से समांगी समाज के निर्माण के क्रम में हम किसी भी सामाजिक समूह को, सामाजिक मुख्य धारा से वंचित नहीं कर सकते। उन्होंने आग्रह किया कि व्यक्तिगत मामलों तथा महिला अधिकार के मामलों पर समिति माननीय सर्वोच्च न्यायालय के समय समय पर दिये गये दिशा–निर्देशों के अधीन कार्य करे। थपलियाल ने यह भी कहा कि चूंकि यह विषय समवर्ती सूची का विषय है, अतः केन्द्र को चाहिए कि वह इस मुद्दे पर पहल करे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महाविद्यालय के छात्र–छात्रा उपस्थित थे। कॉलेज की पूर्व छात्रा कु.अनन्या भटनागर ने इस अवसर पर सरस्वती वन्दना की संगीतमय प्रस्तुति देते हुए कहा कि समिति से आग्रह है कि वे लिव इन रिलेशन शिप तथा विवाह की आयु सम्बन्धी कानून पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करे तथा इन्हें नियंत्रित करने हेतु कानून लाये।

## बहादराबाद पुलिस ने गिरफ्तार किए वाहन चोर गिरोह के सदस्य

हरिद्वार। थाना बहादराबाद पुलिस ने वाहन चोर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अलग–अलग स्थानों से चोरी की गयी दो ई रिक्शा व एक बाईक बरामद की है। थानाध्यक्ष नितेश शर्मा ने बताया कि वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने व बीती 13 नवम्बर को भेल तिरोह से चोरी की गयी ई रिक्शा की तलाश करने के दौरान मुखबिर की सूचना पर प्रवीण कुमार निवासी स्वतंत्रता नगर थाना नरेला पश्चिमी दिल्ली व सन्दीप निवासी प्रेमनगर ऐलमनाला थाना कांदला जिला शामली यूपी को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर बहादराबाद व ज्वालापुर से चोरी की गयी दो ई रिक्शा व घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल बरामद की गयी।



पूछताछ में आरोपी प्रवीण ने बताया कि वह दिल्ली व आसपास के इलाकों से ई रिक्शा चोरी कर उनकी बैटरी शामली में सस्ते दामों में बेच देता था। इसी दौरान उसकी मुलाकात संदीप से हुई और वह दोनों हरिद्वार आकर ई रिक्शा चोरी की वारदात को अंजाम देने लगे। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष नितेश शर्मा, एसआई हेमदत्त भारद्वाज, कांस्टेबल सुभाष राणा, मोहर सिंह, मुकेश नेगी, अमित भट्ट व सुशील चौहान शामिल रहे।

## सभी न्यायालयों में न्यायिक कार्यों से विरत रहेंगे अधिवक्ता

विकासनगर। बार काउंसिल ऑफ उत्तराखंड के आह्वान पर पछुवादून बार एसोसिएशन के सभी अधिवक्ता गुरुवार को सभी न्यायालयों में न्यायिक कार्यों से विरत रहेंगे। अधिवक्ता सिविल न्यायालय ढकरानी और तहसील न्यायालय विकासनगर में धरना प्रदर्शन करेंगे।

पछुवादून बार एसोसिएशन विकासनगर सेजुड़े सभी अधिवक्ता गुरुवार को सभी न्यायालयों मेंन्यायिक कार्यों से विरत रहेंगे। बार एसोसिएशन पछुवादून के सचिव वैभव त्यागी नेबताया कि इंसानियत, मानवीयता व न्यायिक अधिकारियों के व्यवहार को लेकर प्रदेशभर के अधिवक्ताओं में भारी आक्रोश व्याप्त है।

## जन्म दिन पर विधायक रवि बहादुर ने किया नेत्रदान

हरिद्वार। ज्वालापुर विधायक रवि बहादुर ने अपने जन्मदिन पर सीएमओ कार्यालय पहुंचकर नेत्रदान किया। इस अवसर पर विधायक रवि बहादुर ने कहा कि नेत्रदान करने से दृष्टिहीन व्यक्तियों को नेत्र दे सकते हैं। नेत्र हमे ना सिर्फ रोशनी देते हैं। बल्कि मृत्यु के बाद वह किसी और की जिंदगी में उजाला भी भर सकते हैं। आंखों का प्रत्येक जीव में महत्व है। नेत्रदान बहुत बड़ा दान है। शरीर की खूबसूरती में भी नेत्रों की बहुत अहम भूमिका है। नेत्रों पर बड़े बड़े कवियों ने कविताएं लिखीं। शासन प्रशासन भी नेत्रदान के लिए समय समय पर जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करता है। किसी के जीवन में दृष्टि नहीं होती है तो उसका जीवन नीरस हो जाता है। अधिक से अधिक लोगों को



रक्तदान और नेत्रदान कर दूसरों का जीवन बचाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नेत्रदान करने से कई प्रकार के अंधविश्वास भी टूटते हैं। सीएमओ कुमार खगेंद्र सिंह ने कहा कि सभी को युवा विधायक रवि बहादुर से प्रेरणा लेनी चाहिए। नेत्रदान से बड़ा दान कोई दान नहीं है। उनके द्वारा नेत्रदान के लिए इच्छा व्यक्त की गई थी। जिसके बाद आज जन्मदिन पर उन्होंने नेत्रदान किया। समाज के लिए यह बहुत ही सराहनीय कदम है। शासन द्वारा भी नेत्रदान के लिए शिविर आयोजित किए जाते हैं। जो नेत्रहीन लोग दुनिया नहीं देख पाते उनके जीवन में रोशनी का बहुत महत्व है। लोगों को नेत्रदान करना चाहिए।

## धर्म संस्कृति के उत्थान में संत महापुरूषों का अहम योगदानःमदन कौशिक

हरिद्वार। कनखल स्थित काल भैरव मंदिर में भैरव अष्टमी धूमधाम व श्रद्धाभाव के साथ मनायी गयी। इस दौरान भैरव अष्टमी के उपलक्ष्य में आयोजित श्रीरामचरित मानस कथा तथा धार्मिक अनुष्ठानों की पूर्णाहूति की गयी। कार्यक्रम में सम्मिलित हुए नगर विधायक मदन कौशिक ने भगवान काल भैरव की पूजा अर्चना की और मंदिर के परमाध्यक्ष महंत कौशलपुरी महाराज से आशीर्वाद लिया। मदन कौशिक ने कहा कि धर्म संस्कृति के उत्थान में संत महापुरूषों का अहम योगदान है। संत समाज ने हमेशा ही समाज को नई दिशा प्रदान की है। महंत कौशलपुरी महाराज ने कहा कि भगवान शिव के अवतार काल भैरव भय का हरण कर भक्तों को अभय प्रदान करते हैं।



विधिविधान व श्रद्धापूर्वक उनकी आराधना करने से सभी कष्ट दूर होते हैं और परिवार में सुख समृद्धि का वास होता है। काल भैरव अष्टमी के अवसर पर मंदिर में आयोजित श्रीरामचरित मानस कथा की पूर्णाहूति पर श्रद्धालु भक्तों को संबोधित करते हुए महंत कौशलपुरी महाराज ने बताया कि काल भैरव भगवान शिव का रूद्र रूप है। काल भैरव रौद्र रूप के लिए जाने जाते हैं जो नकारात्मक शक्तियों को दंड देते हैं तथा सभी प्रकार के तंत्र मंत्र प्रेत बाधाओं से अपने भक्तों की रक्षा करते हैं। बटुक भैरव अथवा आनंद भैरव भगवान कालभैरव का ही सौम्य रूप है। सौम्य रूप में भगवान कालभैरव अपने भक्तों को अभय प्रदान करते हैं तथा उनकी रक्षा करते हैं। महंत कौशलपुरी महाराज ने बताया कि भगवान काल भैरव को प्रसन्न करने के लिए उन्हें खिचड़ी, गुड़, तेल, चावल आदि का भोग लगायें। भगवान भैरव के वाहन कुत्ते को मीठी रोटी खिलाएं। प्रसन्न होने पर भगवान काल भैरव भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। इस अवसर पर महंत गजेंद्र पुरी, महंत देवानन्द सरस्वती, महंत संगम पुरी, मेयर अनिता शर्मा, राधाकिशन गांधी, पंडित अधीर कौशिक आदि मौजूद रहे।

## त्याग व तपस्या की साक्षात प्रतिमूर्ति थे ब्रह्मलीन महंत स्वामी हंसप्रकाश महाराजः महंत श्याम प्रकाश

हरिद्वार।ब्रह्मलीन महामण्डलेश्वर महंत स्वामी हंसप्रकाश महाराज के दसवें निर्वाण महोत्सव के अवसर पर श्रवणनाथ नगर स्थित देव मंदिर खन्ना आश्रम में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में सभी तेरह अखाड़ों के संत महंतों ने उन्हें भावपूर्ण श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए धर्म संस्कृति के उत्थान में उनके योगदान का स्मरण किया। इस दौरान संत समाज की और से ब्रह्मलीन सरयूदास महाराज, श्रीमहंत बाबा ब्रह्मदास, श्रीमहंत स्वामी देवादास महाराज, श्रीमहंत पुजारी स्वामी रामचरणदास महाराज श्रीमहंत स्वामी अनन्त प्रकाश महाराज श्रीमहंत स्वामी कृष्णदास



महाराज को भी श्रद्धांजलि दी गयी। श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए महामंडलेश्वर स्वामी रूपेंद्र प्रकाश महाराज ने कहा कि सनातन धर्म संस्कृति के संवर्द्धन सरंक्षण तथा प्रचार प्रसार में ब्रह्मलीन महंत स्वामी हंसप्रकाश महाराज का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। युवा संतों को उनके जीवन तथा कृतित्व से प्रेरणा लेनी चाहिए।

## काल भैरव जन्मोत्सव के अवसर पर जूना अखाड़े के संतों ने किया विशेष अनुष्ठान

हरिद्वार। श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े में भगवान काल भैरव जन्मोत्सव समारोह दूसरे दिन बड़े धूमधाम से मनाया गया। अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय सभापति श्रीमहंत प्रेम गिरि महाराज, राष्ट्रीय सचिव श्रीमहंत महेश पुरी तथा श्रीमहंत शैलेंद्र गिरी, पुजारी महंत वशिष्ठ गिरी के संयोजन में विशिष्ट अनुष्ठान पूजा अर्चना प्रारंभ की गई। बुधवार की प्रातः सभापति श्रीमहंत प्रेम गिरी महाराज ने नागा सन्यासियों व श्रद्धालु भक्तों के साथ भगवान काल भैरव का विशेष अनुष्ठान प्रारंभ किया। इस अनुष्ठान को सम्पन्न कराने के लिए महाकाल की नगरी उज्जैन से आचार्य नारायण व्यास, आचार्य अचल व्यास, पंडित मोहित शर्मा, पंडित आदर्श शर्मा, पंडित आयुष शर्मा विशेष रूप से आमंत्रित किए गए थे। इनके



पौरोहित्य में मध्यान्ह में विश्व शांति के लिए विशिष्ट शांति पाठ किया गया। जिसमें नागा सन्यासियों ने राष्ट्र की उन्नति, प्रगति, विकास तथा सर्वे भवंतू सुखिना की कामना के साथ आहुतियां डाली। श्री आनंद भैरव के मुख्य पुजारी महंत वशिष्ठ गिरी महाराज ने बताया भगवान काल भैरव के प्रकट उत्सव के कार्यक्रम आज शाम से प्रारंभ हो जाएंगे। जिसमें भगवान का सवा कुंटल दूध, फलों का रस, केसर, केवड़ा, गुलाब जल से अभिषेक किया जाएगा।

## ट्रक की बैटरी चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

विकासनगर। सेलाकुई थाना पुलिस नेमिनी ट्रक की बैटरी चोरी के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से पुलिस ने चोरी की बैटरी बरामद की है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा मेंजेल भेज दिया है।मिनी ट्रक के मालिक सोहन सिंह पुत्र केहरसिंह निवासी पुराना पोस्ट ऑफिस सेलाकुई नेमंगलवार को पुलिस को तहरीर देकर बताया कि रोज की तरह सोमवार रात को भी उन्होंनेअपनेमिनी ट्रक को पुराना पोस्ट ऑफिस के पास खड़ा किया था। सुबह जब मिनी ट्रक को देखा तो उससेबैटरी गायब मिली।

इस मामलेमेंपुलिस नेअज्ञात के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्जकर चोरों की तलाश शुरू की।

## यज्ञ करने से प्रसन्न होते हैं समस्त देवी देवताः पंडित पवन कृष्ण शास्त्री

हरिद्वार। श्री राधा रसिक बिहारी भागवत परिवार सेवा ट्रस्ट के तत्वाधान में राजघाट कनखल स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के अष्टम दिवस पर कथा व्यास भागवताचार्य पंडित पवन कृष्ण शास्त्री ने यज्ञ की महिमा का वर्णन करते हुए बताया प्रत्येक व्यक्ति को यज्ञ करना चाहिए। यज्ञ करने से भगवान नारायण एवं समस्त देवी देवता प्रसन्न होते हैं। कथा व्यास पवन कृष्ण शास्त्री ने बताया कि जब ब्रह्मा जी द्वारा सृष्टि की रचना की गई तो सभी देवी देवता ब्रह्मा जी के पास आ करके कहते हैं हमारी भूख शांत नहीं हो रही है। पेट भर के हमें कुछ मिलता ही नहीं है। आप कुछ उपाय कीजिए देवताओं के निवेदन करने पर ब्रह्मा जी ने एक कन्या को उत्पन्न किया जिसका नाम स्वाहा था ।उस



कन्या का विवाह यज्ञ नारायण के साथ कर दिया। ब्रह्मा जी ने कहा आज से जिस भी देवी देवता का नाम लेकर यज्ञ करते हुए स्वाहा उच्चारण करते हुए आहुति दी जाएगी वह आहुति उसी देवता को प्राप्त हो जाएगी। जिससे समस्त देवी देवताओं के आहार की व्यवस्था बनेगी। तभी से प्रत्येक घर में यज्ञ की परंपरा प्रारंभ हुई। शास्त्री ने बताया यज्ञ करने से देवताओं की प्रसन्नता होती है। समस्त देवी देवताओं की तृप्ति होती है और देवी देवताओं की कृपा हम सब के ऊपर बनी रहती है। जिससे कि घर में सुख, समृद्धि, धन, धान्य, आयु एवं आरोग्य की वृद्धि होती है।

## राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर प्रेस क्लब में किया संगोष्ठी का आयोजन

हरिद्वार। राष्ट्रीय प्रैस दिवस के अवसर पर जिला सूचना विभाग द्वारा प्रैस क्लब में राष्ट्र निर्माण में प्रैस की भूमिका विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता प्रेस क्लब अध्यक्ष श्रवण झा एवं संचालन महामंत्री अश्विनी अरोड़ा ने किया। संगोष्ठी में विचार रखते हुए मुख्य अतिथी सिटी मजिस्ट्रेट अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि जिम्मेदारी और निष्पक्षता से कार्य करने से विश्वसनीयता कायम होती है। प्रत्येक कार्य क्षेत्र में दबाव का सामना करना एक स्वाभाविक स्थिति है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में पत्रकारों और पत्रकारिता की बड़ी भूमिका है। पत्रकार जिम्मेदारी और निष्पक्षता से कार्य करते हुए वास्तविक तस्वीर पेश करें। जिससे संबंधित पक्ष नीतियों में सुधार कर सकें। वरिष्ठ पत्रकार पीएस चौहान ने कहा कि 1966 में प्रैस को रेगुलेट करने के लिए गठित प्रैस काउंसिल ऑफ इंडिया शक्तियों के अभाव में उद्देश्यों को पूरा नहीं कर पा रही है। प्रैस काउंसिल ऑफ इंडिया का गठन प्रिंट मीडिया को ध्यान में रखकर किया गया था। लेकिन मीडिया के स्वरूपों में विस्तार के चलते अब शक्ति संपन्न और सरकारी नियंत्रण से मुक्त मीडिया काउंसिल बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि प्रैस फ्रीडम इंडेक्स में इस वर्ष भारत का 150वें पायदान पर पहुंचना चिंताजनक है। इस पर भी विचार किए जाने की जरूरत है। प्रेस क्लब अध्यक्ष श्रवण कुमार झा ने कहा कि प्रैस की विश्वसनीयता आज भी सर्वाधिक है। इस विश्वसनीयता को बनाए रखते हुए सकारात्मक होकर राष्ट्र के निर्माण में योगदान देने का कार्य पत्रकारों को करना चाहिए। महामंत्री अश्विनी अरोड़ा ने सभी को राष्ट्रीय प्रेस दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बदलते दौर में प्रेस की भूमिका और भी महत्वपूर्ण होती जा रही है। सभी को सकारात्मक होकर राष्ट्र निर्माण में निष्पक्षता के




साथ योगदान देना होगा। वरिष्ठ पत्रकार रजनीकांत शुक्ला ने कहा कि ईमानदारी व सत्यनिष्ठा के साथ पत्रकारिता करते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान दें। वरिष्ठ पत्रकार त्रिलोचंद्र भट्ट ने कहा कि पत्रकारिता का स्वतंत्र रूप से राष्ट्र निर्माण में योगदान हो, इसके लिए पत्रकारिता में नैतिकता की स्थापना बेहद जरूरी है। दीपक नौटियाल ने कहा कि भारत में पत्रकारिता हमेशा प्रभावशाली रही है। स्वतंत्र पत्रकारिता के चलते सरकारों को भी झुकना पड़ना और सरकारें बदली गयी। लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में प्रैस किस प्रकार स्वतंत्र रूप से कार्य कर सके, यह विचारणीय है। राहुल वर्मा ने कहा कि पत्रकारिता पर विचारधारा का प्रभाव हमेशा रहा है। लेकिन प्रत्येक दौर में विचारधारा से इतर जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों को भी उठाया जाता रहा है। वरिष्ठ पत्रकार जयपाल सिंह ने कहा कि वर्तमान हालत चिंताजनक हैं। पत्रकारिता पर विचारधारा के प्रभाव के आरोपों को पूरी तरह नकारा नहीं जा सकता। इस अवसर पर विक्रम छाछर, गुलशन नैय्यर राजकुमार पाल, धर्मेन्द्र चौधरी, तनवीर अली, अमरीश कुमार, महावीर नेगी, नरेश दीवान शैली, शाहनवाज, नौशाद खान, मुदित अग्रवाल, विकास चौहान, सुमेश खत्री, राजेश कुमार, जहागीर मलिक, हरीश, जीतू, विकास गुप्ता, शिवा अग्रवाल, सुभाष कपिल व सूचना विभाग के वरिष्ठ सहायक अभिषेक श्रीवास्तव, तथा गीता राजपूत सहित बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री ने किया राज्य में 60 मोबाइल पशु चिकित्सालय इकाइयों का लोकार्पण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को सर्वे स्टेडियम, हाथीबड़कला देहरादून में पशु पालन विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग कर राज्य में 60 मोबाइल पशु चिकित्सालय इकाइयों का लोकार्पण किया। उन्होंने गोट वैली योजना का शुभारंभ किया एवं नाबार्ड द्वारा वित्त पोषित रूरल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलेपमेन्ट फण्ड (आईआरडीएफ) योजना के अंतर्गत पशुलोक ऋषिकेश, में हीफर रियरिंग फार्म का लोकार्पण भी किया। रजिस्ट्रार, उत्तराखण्ड पशु चिकित्सा परिषद, देहरादून के परिसर में नवीन प्रशिक्षण केन्द्र, राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम योजना के अन्तर्गत एकत्रीकरण सह प्रजनन फार्म का लोकार्पण, राष्ट्रीय गोकुल मिशन के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा प्रायोजित नवीन अतिहिमीकृत वीर्य प्रयोगशाला का शिलान्यास भी मुख्यमंत्री ने किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने घोषणा पशु चिकित्सकों को एनपीए देने की घोषणा करते हुए कहा कि राज्य में पशुओं में आर्टिफिशियल इंस्यूमिनेशन सेक्स शार्टेड सीमन को बढ़ावा दिया जायेगा।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी गोट वैली योजना का शुभारंभ करते हुए।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि मोबाइल वेटनरी यूनिटों के शुभारंभ से राज्य के दूरस्थ पर्वतीय स्थानों पर आपातकालीन पशुचिकित्सा सेवायें एवं पशुपालन सम्बन्धी अन्य विभागीय सेवायें आसानी से प्रदान की जा सकेंगी। इस सेवा के लिए टोल फ्री नम्बर 1962 जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि आज भारत सरकार की राष्ट्रीय गोकुल मिशन योजना के अन्तर्गत श्यामपुर में नवीन प्रयोगशाला का शिलान्यास भी किया जा रहा है। जिससे पशुधन विकास में हमारे प्रदेश को लाभ मिल सकेगा। इस योजना के अन्तर्गत नेशनल डिजिटल लाइव स्टॉक मिशन को चम्पावत एवं ऊधमसिंहनगर जिलों में भी प्रारंभ किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य को हर क्षेत्र में केन्द्र सरकार का पूरा सहयोग मिल रहा है। कहा कि पशुपालन एवं कृषि उत्तराखण्ड के लाखों परिवारों की आर्थिकी की रीढ़ है। 80 प्रतिशत से अधिक ग्रामीण परिवारों को रोजगार प्रदान करने वाला पशुपालन व्यवसाय न केवल उनकी आजीविका का मुख्य साधन है, बल्कि प्रदेश के संतुलित पोषण का भी मुख्य आधार है। पशुपालन व्यवसाय का राज्य सकल घरेलू उत्पादन में 3 प्रतिशत योगदान है। सभी छोटे पशुपालकों व दुग्ध व्यवसायियों के सम्मिलित प्रयासों के फलस्वरूप आज हमारा देश डेरी पदार्थों के उत्पादन में शीर्ष पर है। उन्होंने कहा पशुपालन व्यवसाय में निवेश ग्रामीण क्षेत्रों के विकास का भी मुख्य साधन हो सकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा केंद्र सरकार के दिशा निर्देशों को प्रभावी तरीके से लागू करके राज्य सरकार ने राज्य में लम्पी स्किन डिजीज को पूरी तरह से नियंत्रित करने में सफलता प्राप्त की है। इस रोग के नियंत्रण के लिए प्रदेश में लगभग 6 लाख से अधिक पशुओं का टीकाकरण किया जा चुका है। उन्होंने कहा जैविक कृषि के मुख्य आधार भी पशुधन ही है। इसके लिए पशुओं के गोबर को जैविक फार्म्स तक पहुंचाने के लिए भी सरकार विशेष प्रयास कर रही है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि पशुपालन और डेयरी क्षेत्र में केन्द्र तथा राज्य सरकार द्वारा किये जा रहे नवीन प्रयासों से न केवल हमारे राज्य में युवाओं को स्वरोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे, बल्कि ग्रामीण आर्थिकी भी मजबूत होगी और रिवर्स माइग्रेशन की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को नई गति मिलेगी। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री पशुपालन एवं डेयरी विकास डॉ. संजीव कुमार बालियान, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, सौरभ बहुगुणा, मेयर सुनील उनियाल गामा, विधायक उमेश शर्मा काऊ, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजेन्द्र अन्थवाल, सचिव पशुपालन भारत सरकार राजेश कुमार, सचिव आर. मीनाक्षी सुन्दरम, बीवीआरसी पुरूषोत्तम, निदेशक पशुपालन डॉ. प्रेम कुमार आदि मौजूद थे।

# केंद्रीय विद्यालय खोलने की मांग उठाई

नई टिहरी : डीसीबी अध्यक्ष ने दिल्ली में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से भेंटकर उन्हें जौनपुर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। अध्यक्ष ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री के समक्ष जौनपुर ब्लॉक में केंद्रीय विद्यालय खोलने की मांग भी रखी। जिला सहकारी बैंक टिहरी के अध्यक्ष सुभाष चंद रमोला ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को टिहरी जिले की समस्याओं से अवगत कराते हुये उनके निस्तारण की मांग की। उन्होंने कहा कि शिक्षा के कारण लोग पहाड़ों से लगातार पलायन कर रहे हैं, उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री के समक्ष जौनपुर क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय खोलने की मांग भी रखी। डीसीबी अध्यक्ष ने कहा कि नागटिब्बा जौनपुर क्षेत्र का प्रसिद्ध पर्यटक स्थल है, पर्यटक स्थल नागटिब्बा से करीब संपूर्ण उत्तराखंड के दर्शन किये जा सकते हैं।

# सबको राज्य के विकास में भागीदार बनना होगा : सीएम



जयन्त प्रतिनिधि।देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को वन विश्राम गृह लच्छीवाला में आदर्श औद्योगिक सहकारी संस्था डोईवाला द्वारा आयोजित 'हमारे मुख्यमंत्री' कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जनता एवं विभिन्न संगठन एवं संस्थाओं के लोग उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम सबको राज्य के विकास में भागीदार बनना होगा। राज्य के विकास किसी एक की नहीं बल्कि हम सबकी सामूहिक यात्रा है। हमारा प्रयास अपने कार्य दायित्वों को ईमानदारी एवं पूर्ण निष्ठा के साथ करके होंगे, तभी हम जन अपेक्षाओं का सम्मान करने में सफल होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे लोग प्रतिभाशाली, मेहनती एवं लगनशील होते है। इसी का प्रतिफल है कि देश के उच्च पदों पर आसीन है। राज्य के लगभग हर परिवार का कोई न कोई सदस्य सेना एवं अद्धसैन्य बलों के माध्यम से देश की सुरक्षा में अपना योगदान दे रहा है। देवभूमि के साथ वीरभूमि की भी हमारी पहचान है। हमारी सरकार प्रदेशवासियों के जीवन में खुशहाली लाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि गरीबों के कल्याण के लिए आदर्श औद्योगिक सहकारी संस्था डोईवाला द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा है। संस्था द्वारा गरीबों और समाज के अन्तिम पंक्ति पर खड़े जरूरतमंद लोगों को जो मदद पहुंचाई जा रही है, यह एक पुण्य कर्म है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सामाजिक एवं रचनात्मक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले महानुभावों एवं अधिकारियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने डोईवाला क्षेत्र के कारगिल शहीद जवानों के परिवारजनों, बीएसएफ एवं एसएसबी के जवानों को सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री द्वारा इस अवसर पर राजकीय प्राथमिक विद्यालय लच्छीवाला के विद्यार्थियों को गर्म कपड़ों का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर विधायक डोईवाला बृजभूषण गैरोला, महामण्डलेश्वर स्वामी हरि चेतनानन्द, विनय कण्डवाल मंडल अध्यक्ष डोईवाला, मंडल अध्यक्ष माजरीग्रांट श्री राजकुमार, मनोज नौटियाल, नगीना रानी, ओमप्रकाश भट्ट आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन आदर्श संस्था के सचिव हरीश कोठारी द्वारा किया गया।

# पहाड़ को कूडा मुक्त और प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए ग्राम स्तर पर कार्य करें : डीएम

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को जनपद में सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्त बनाने, शहर, कस्बों, गांव-देहात और सार्वजनिक स्थलों को साफ-सुथरा बनाये रखने के लिए युद्धस्तर पर कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जहां पर भी और जिस स्तर पर भी सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग किया जा रहा हो उस पर तत्काल प्रभाव से नियंत्रण स्थापित करते हुए उसका उन्मूलन करें। उन्होंने निर्देशित किया कि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में महिला स्वंय सहायता समूह से प्लास्टिक के विकल्प के रूप में थैले बनवायें तथा उन थैलों को घर-घर बांटने का अभियान प्रारंभ करें। एनफोर्समेंट की कार्यवाही के दौरान जिनका चालान किया जाता है उनको भी प्लास्टिक के विकल्प के रूप में थैला दें। जिलाधिकारी ने पहाड़ को कूड़ा मुक्त और प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए ग्राम स्तर पर कार्य करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान द्वारा जनपद में सिंगल यूज प्लास्टिक रोकथाम, व्यापक सैनिटेशन बनाये रखने के संबंध में संबंधित नगर निगम, नगर पालिकाओं, नगर पंचायत, वन विभाग, उपजिलाधिकारियों, तहसीलदारों, पंचायतों, ग्राम्य विकास विभाग आदि विभागीय अधिकारियों के साथ वर्चुअल माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों और निकायों को विभागीय स्तर पर तथा समय-समय पर एक टीमवर्क के रूप में संयुक्त चैकिंग अभियान चलाते हुए सामान विक्रेता, ज्वेलरी शॉप, सब्जी दुकान, मिष्ठान शॉप, टेलर्स शॉप इत्यादि के साथ ऐसे सभी शॉप का स्थलीय अवलोकन करते हुए उन पर एनफोर्समेंट व चालान की कार्यवाही पूर्ण करते हुए सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने डोर–टू–डोर कूड़ा उठान के लिए सभी नगर निकायों को निर्देशित किया कि इस बात का ध्यान रखें कि बायो कूड़ा और नॉन बायो कूडे का अलग–अलग कनेक्शन हो, कूडे का पहले क्षेत्रवार पैटर्न पता करें कि किस क्षेत्र में किस तरह का कूड़ा जनरेट हो रहा है, तब उसी अनुरूप कार्य योजना बनाकर उसका निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कंपैक्टर मशीन और कूड़ा उठान और निस्तारण से संबंधित जितने भी उपकरण हैं उनको फंक्शनल हालात में रखे और उसका उपयोग करें। जिलाधिकारी ने संबंधित उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन क्षेत्रों में कूड़ा डंपिंग जोन हेतु भूमि उपलब्ध नही है

# जल निकाय, झील व तालाब निर्माण के लिए बेहतर स्थल का चयन करें : डीएम



डीएम डॉ. आशीष चौहान बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

**जयन्त प्रतिनिधि।पौड़ी** : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जल शक्ति अभियान ''कैच द रैन'' के कायी की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को अमृत सरोवर के अंतर्गत निर्माणाधीन कायी को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आगामी समय में जब भी जल निकाय, झील व तालाब का निर्माण किया जाय तो बेहतर स्थल का चयन किया जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि निकाय, झील व तालाब का निर्माण हेतु ऐसे स्थल का चयन किया जाय जहां जल एकत्रित होने की संभावना हो तथा उस जल का पर्यटन की दृष्टि से भी विकसित होने की संभावना, हरियाली विकास, पेयजल, कृषि सिंचाई व अन्य में अधिकतम उपयोग हो सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि जल निकाय (झील इत्यादि) निर्माण के लिए ऊंचांई वाले क्षेत्रों में 3-4 बड़ी उत्तम साइटों का चयन करें तथा वहां पर झील निर्माण से सर्वे पूर्ण करते हुए प्रस्ताव बनाया जाए। उन्होंने बैठक में हरियालीसैंण व ताराकुण्ड में झील निर्माण की संभावना को तलाशने के लिए अधिकारियों को सर्वे करने को कहा। जिलााधिकारी ने संबंधित विभागों को जल निकायों के निर्माण, जल संरक्षण से संबंधित कार्यों के फोटोग्रॉफ, वीडियो व संबंधित विवरण को संबंधित ऑनलाइन पोर्टल पर ससमय अपलोड करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जल निकासी से संबंधित कार्य, जियो टैगिंग व अन्य कार्य किया जाना अपेक्षित है जिसमें तेजी लाते हुए कार्य पूर्ण करें। आयोजित बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पांडे, मुख्य कृषि अधिकारी अमरेंद्र चौहान, जिला पंचायतीराज अधिकारी जितेंद्र कुमार, अधिशासी अभियंता जल संस्थान एसके रॉय, स्वजल प्रबंधक दीपक रावत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# विजयी रैली नहीं निकाल पायेगें छात्र

जयन्त प्रतिनिधि।पौड़ी : उपजिलाधिकारी सदर आकाश जोशी की अध्यक्षता में बुधवार को छात्र संघ चुनाव को सफल सम्पाद हेतु पुलिस अधिकारी व छात्रसंघ के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। उपजिलाधिकारी ने कहा कि छात्रसंघ चुनाव के दौरान किसी भी स्थान पर प्रत्याशियों के पोस्टर, बैनर व अन्य सामाग्री चस्पा नहीं की जाएगी। कहा कि किसी भी प्रत्याशी का पोस्टर, बैनर किसी स्थान पर चस्पा पाया जाता है तो उसके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने सभी छात्रों को चुनाव को सफल बनाने को कहा। कहा कि मतगणना पूर्ण होने के बाद शहर या अन्य स्थानों में विजय रैली नहीं निकाली जाएगी। उपजिलाधिकारी ने कहा कि लिंग-02 कमेठी के अनुसार ही कार्य करें। साथ ही उन्होंने छात्रसंघ के प्रतिनिधियों को कहा कि किसी भी समय कोई दिक्कत आती है तो उसके लिए तत्काल पुलिस से संपर्क करें। कहा कि छात्रसंघ चुनाव को शांति पूर्ण तरिके से सम्मपन करने में सहयोग प्रदान करें। चुनाव के दौरान किसी भी छात्र या अन्य द्वारा उलंघन किया जाता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। सीओ प्रेमलाल टम्टा ने कहा कि छात्रसंघ चुनाव का मतदान प्रक्रिया सुबह 08 बजे से 12:30 बजे तक होगी तथा मतगणना 2 बजे से शुरू की जाएगी। कहा कि इस बीच छतरीधार से कंडोलिया तिराह तक वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी। उन्होंने कहा कि केवल छात्रों व कार्यालयों को जाने वाले कार्मिकों के लिए आवाजाही करने हेतु छूट रहेगी।

## नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे सैन्य अभिलेखों में मेरी पुत्री का नाम सोनम गुसांई (SHONAM GUSAIN) भूलवश दर्ज हो गया है। जबकि मेरी पुत्री का सही व वास्तविक नाम सोनम गुसांई (SONAM GUSAIN) है।

अतः मेरे सैन्य अभिलेखों में मेरी पुत्री का सही व वास्तविक नाम सोनम गुसांई (SONAM GUSAIN) लिखा/पढ़ा जाय।

**JC N. 530144A Sub/Ex दरवान सिंह पुत्र स्व० प्रताप सिंह निवासी ग्राम व पोस्ट बालासौड़ ब्रहमपुरी, पट्टी सुखरौ, तहसील कोटद्वार, पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**


उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

| क्र. सं. | कार्य का नाम एवं लोकेशन | कार्य की अनुमानित लागत (रु.) | कार्यालय का पता जहां से निविदा प्रपत्र जारी किया गया है | बिड सिक्यूरिटी राशि (रु.) | कार्य के पूर्ण करने की समय अवधि | निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनांक व समय | वेबसाइट एवं कार्यालय का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | [illegible] /2022- मुरादाबाद [illegible] | 1,27,49,538.73 [illegible] | [illegible] मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद | 2,13,800.00 | 4 (चार) माह | निविदायें दिनांक 12.12.2022 को 15:00 बजे तक [illegible] 15:00 बजे खोली जायेगी। | वेबसाइट: www.ireps.gov.in मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय/उत्तर रेलवे, मुरादाबाद |

सं.: 32/2022 दिनांक: 16.11.2022 [illegible]

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



स्वच्छ दुगड्डा स्वस्थ दुगड्डा सुन्दर दुगड्डा

## कार्यालय- नगर पालिका परिषद दुगड्डा
## (स्वच्छता ही सेवा)

Email-nagarpalikadd@gmail.com

## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मा0 उच्च न्यायालय नैनीताल द्वारा रिट याचिका संख्या-93/2022 (PIL) श्री जितेन्द्र यादव बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया व अन्य में पारित आदेश दिनांक 19/10/2022 के अनुपालन में यदि किसी नागरिक को ठोस अपशिष्ट सम्बन्धित कोई शिकायत हो तो वे अपनी शिकायत ठोस अपशिष्ट के फोटोग्राफ सहित शिकायतकर्ता के विवरण सहित मा0 उच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित निम्नलिखित E-mail id पर भेज सकते है।

कूड़े के शिकायत हेतु निर्धारित E-mail id – solidwaste-complaint@uk.gov.in

**अधिशासी अधिकारी** **अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, दुगड्डा गढ़वाल** **नगर पालिका परिषद दुगड्डा**



## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, कोटद्वार

### अति अल्पकालीन कोटेशन सूचना

**पत्रांक** 2559 / **कोटेशन सूचना** / / 2022-23 **दिनांक** 16/11/2022

मुख्य महाप्रबन्धक, उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून की ओर से पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु सीलबन्द कोटेशन आमंत्रित की जाती है, जो कि दिनांक 23.11.2022 की अपराह्न 3.00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में शाखा कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। यह कोटेशन दिनांक 24.11.2022 की सांय 3.30 बजे तक शाखा में जमा करायी जा सकेगी। प्राप्त कोटेशन, उसी दिन सांय 4.00 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित कोटेशनदाताओं के समक्ष खोली जायेंगी। अन्य जानकारी एवं शर्तें कार्यालय नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है अथवा कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|
| (A) | विकास खण्ड यमकेश्वर के अन्तर्गत दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त निम्न पेयजल योजनाओं में मरम्मत का कार्य। | |
| 1 | पुण्डरासू पम्पिंग पेयजल योजना (भाग-1) | D एवं उच्चतर |
| 2 | पुण्डरासू पम्पिंग पेयजल योजना (भाग-2) | D एवं उच्चतर |
| 3 | पुण्डरासू पम्पिंग पेयजल योजना (भाग-3) | D एवं उच्चतर |
| 4 | रणचूला पम्पिंग पेयजल योजना (भाग-1) | D एवं उच्चतर |
| 5 | रणचूला पम्पिंग पेयजल योजना (भाग-2) | D एवं उच्चतर |
| 6 | रणचूला पम्पिंग पेयजल योजना (भाग-3) | D एवं उच्चतर |
| 7 | रणचूला पम्पिंग पेयजल योजना (भाग-4) | D एवं उच्चतर |
| 8 | ऊंचाकोट पम्पिंग पेयजल योजना (भाग-1) | D एवं उच्चतर |
| 9 | ऊंचाकोट पम्पिंग पेयजल योजना (भाग-2) | D एवं उच्चतर |
| 10 | ऊंचाकोट पम्पिंग पेयजल योजना (भाग-3) | D एवं उच्चतर |
| 11 | ऊंचाकोट पम्पिंग पेयजल योजना (भाग-4) | D एवं उच्चतर |
| 12 | बैरागड़ पेयजल योजना (भाग-1) | D एवं उच्चतर |
| 13 | बैरागड़ पेयजल योजना (भाग-2) | D एवं उच्चतर |
| 14 | बैरागड़ पेयजल योजना (भाग-3) | D एवं उच्चतर |
| 15 | बैरागड़ पेयजल योजना (भाग-4) | D एवं उच्चतर |
| 16 | घंईखाल पेयजल योजना (भाग-1) | D एवं उच्चतर |
| 17 | घंईखाल पेयजल योजना (भाग-2) | D एवं उच्चतर |
| 18 | घंईखाल पेयजल योजना (भाग-3) | D एवं उच्चतर |
| 19 | बघाला पेयजल योजना (भाग-1) | D एवं उच्चतर |
| 20 | बघाला पेयजल योजना (भाग-2) | D एवं उच्चतर |
| 21 | मराल पेयजल योजना (भाग-1) | D एवं उच्चतर |
| 22 | मराल पेयजल योजना (भाग-2) | D एवं उच्चतर |
| 23 | मराल पेयजल योजना (भाग-3) | D एवं उच्चतर |
| 24 | तिमली अकरा पेयजल योजना (भाग-1) | D एवं उच्चतर |
| 25 | तिमली अकरा पेयजल योजना (भाग-2) | D एवं उच्चतर |
| (B) | विकासखण्ड द्वारीखाल के अन्तर्गत दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त निम्न पेयजल योजनाओं में मरम्मत का कार्य। | |
| 26 | जवाड पेयजल योजना (भाग-1) | D एवं उच्चतर |
| 27 | जवाड पेयजल योजना (भाग-2) | D एवं उच्चतर |
| 28 | मेहरगांव पेयजल योजना (भाग-1) | D एवं उच्चतर |
| 29 | मेहरगांव पेयजल योजना (भाग-2) | D एवं उच्चतर |
| (C) | विकासखण्ड दुगड्डा के अन्तर्गत दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त निम्न पेयजल योजनाओं में मरम्मत का कार्य। | |
| 30 | बिजनूर पेयजल योजना (भाग-1) | D एवं उच्चतर |
| 31 | बिजनूर पेयजल योजना (भाग-2) | D एवं उच्चतर |
| 32 | मथाणा पेयजल योजना (भाग-1) | D एवं उच्चतर |
| 33 | मथाणा पेयजल योजना (भाग-2) | D एवं उच्चतर |
| 34 | मोहनी रावत पेयजल योजना (भाग-1) | D एवं उच्चतर |
| 35 | मोहनी रावत पेयजल योजना (भाग-2) | D एवं उच्चतर |
| 36 | रामड़ी पेयजल योजना (भाग-1) | D एवं उच्चतर |
| 37 | रामड़ी पेयजल योजना (भाग-2) | D एवं उच्चतर |
| 38 | स्यालिंगा पेयजल योजना (भाग-1) | D एवं उच्चतर |
| 39 | स्यालिंगा पेयजल योजना (भाग-2) | D एवं उच्चतर |
| 40 | तच्छाली पेयजल योजना (भाग-1) | D एवं उच्चतर |
| 41 | तच्छाली पेयजल योजना (भाग-2) | D एवं उच्चतर |
| (D) | विकासखण्ड नैनीडांडा के अन्तर्गत दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त निम्न पेयजल योजनाओं में मरम्मत का कार्य। | |
| 42 | भौन पेयजल योजना | D एवं उच्चतर |
| 43 | चोरगढ पेयजल योजना | D एवं उच्चतर |
| (D) | विकासखण्ड रिखणीखाल के अन्तर्गत दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त निम्न पेयजल योजनाओं में मरम्मत का कार्य। | |
| 44 | डाबरी वल्ली पेयजल योजना | D एवं उच्चतर |
| 45 | रजबौ पेयजल योजना (भाग-1) | D एवं उच्चतर |
| 46 | रजबौ पेयजल योजना (भाग-2) | D एवं उच्चतर |
| 47 | टकोलीखाल पेयजल योजना | D एवं उच्चतर |

शर्तें :-

1- कार्य उत्तराखण्ड जल संस्थान के सहायक अभियन्ता के निर्देशानुसार करना होगा।
2- निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा।
3- कार्य पूर्ण होने के 01 वर्ष पश्चात ही धरोहर राशि वापस की जायेगी।
4- ठेकेदार द्वारा लिफाफे पर योजना का नाम एवं ठेकेदार का नाम तथा पता अंकित होना अनिवार्य है।
5- कोटेशन प्रपत्र पर जी0एस0टी0 नं0 अंकित करना अनिवार्य होगा।
6- अधोहस्ताक्षरी को किसी अथवा समस्त कोटेशनों को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार होगा।
7- सशर्त कोटेशन स्वीकार नहीं की जायेगी।
8- कार्य स्थल का निरीक्षण करने के उपरान्त ही निविदा क्रय करे।
9- निर्धारित अवधि के अन्दर ही कार्य पूर्ण करना आवश्यक होगा।
10- योजना पर मरम्मत कार्य पूर्ण होने के पश्चात् कार्य सन्तुष्टि प्रमाण पत्र सम्बन्धित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से प्राप्त करना आवश्यक होगा।
11 - कार्य करने से पूर्व एवं कार्य करने के उपरान्त की फोटोग्राफ्स उपलब्ध कराने अनिवार्य होंगे।
12- चूंकि कार्य तत्कालिक मरम्मत एवं जलापूर्ति सुचारू किये जाने से सम्बन्धित है। अतः अनुबन्धित फर्म/ ठेकेदार द्वारा संतोषजनक रूप से कार्य नहीं किये जाने पर फर्म को विभाग द्वारा एक सप्ताह का नोटिस देकर किसी भी समय अनुबन्ध समाप्त किया जा सकता है तथा ऐसी स्थिति में सम्बन्धित फर्म की जमानत धनराशि जब्त कर ली जायेगी, और किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।

अधिशासी अभियन्ता

सम्पादकीय

## प्रेम और विश्वास के टुकड़े

देश अलग-अलग घटनाओं से चर्चाओं में रहता है कभी राजनीतिक कभी धार्मिक तो कभी आपराधिक घटनाएं जनसामान्य को झकझोर कर रख देती हैं। ताजा मामला एक हिंदू लड़की के अंजाम से जुड़ा हुआ है जिसने एक ऐसे गैर धर्म के युवक पर विश्वास किया जब के लिए कभी संवेदनशील भावनाएं रखता ही नहीं था। अविवाहित श्रद्धा नाम की है लड़की आफताब नाम के लड़के के संपर्क में आई थी और उसके प्रेम में मुंबई से दिल्ली चली आई। दोनों लिविंग रिलेशनशिप में रहने लगे और 1 दिन एकाएक श्रद्धा गायब हो गई। शायद श्रद्धा का गायब होना पता भी नहीं चलता यदि उसके माता-पिता उसकी खोज खबर करने दिल्ली नहाते। माता-पिता दिल्ली तक पहुंचे तो पता लगा कि उनकी बेटी श्रद्धा तो कई माह पूर्व 35 टुकड़ों में कटकर गायब हो चुकी थी। श्रद्धा के प्रेमी आफताब ने दूसरी लड़कियों के साथ अपने संबंधों मैं उसे बाधा बनते देख मौत के घाट उतार दिया और उसके बाद जो कुछ भी लाश के साथ किया वह इस समाज को आईना दिखाने के लिए काफी है। श्रद्धा के शव को काटकर उसे फ्रिज में रखा गया और 4 महीने तक योजनाबद्ध तरीके से जंगलों में ठिकाने लगाता रहा यहां तक की घर के फर्श को एसिड से धोकर खून का कतरा कतरा तक मिटा दिया। इस घटना ने पूरे समाज को यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि जो संबंध युवाओं द्वारा बनाए जा रहे हैं उनका अंजाम क्या यही है? वर्तमान दौर में लिविंग रिलेशनशिप का चलन भी काफी चल पड़ा है जो कम से कम भारतीय परिवेश एवं परंपरा और सभ्यता के अनुरूप मेल नहीं खाता। युवा सुनहरे भविष्य की खोज में अपने घरों से निकलते हैं और दूसरे शहरों में जाकर लिविंग रिलेशनशिप जैसे संबंध में रहने लगते हैं। भारत में लव जिहाद ने पिछले कुछ दिनों में काफी बवाल मचाया है और समाज भी अब इसे स्वीकार करना नहीं चाहता। श्रद्धा एवं आफताब का प्रकरण भी लव जिहाद से ही जुड़ा हुआ है जिसमें श्रद्धा को आस्था से प्रेम की कीमत अपनी निर्मम हत्या के रूप में चुकानी पड़ी। श्रद्धा के एग्जाम में निश्चित तौर पर उन लड़कियों के ज्ञान चक्षु खोल दिए होंगे जो अपने माता-पिता एवं समाज की बातों का चलन को दरकिनार कर अपनी सोच को सर्वोपरि बनाकर गलत राह पर निकल पड़ती हैं। श्रद्धा का मामला कोई अकेला नहीं है बल्कि इससे पहले भी इस प्रकार की घटनाओं से कई लड़कियों को या तो अपनी जान गवनी पड़ी है या फिर उन्हें शारीरिक एवं मानसिक तौर पर विकराल शोषण को झेलना पड़ा है। ऐसी ही घटनाओं की पुनरावृत्ति के बाद लव जिहाद जैसे कानून को लागू करने की भी आवश्यकता हुई जिससे कि सब्जबाग दिखाकर लड़कियों को फसाने का खेल रोका जा सके। श्रद्धा के कातिल को अब कोई साइको किलर बता रहा है तो कोई बेहद शातिर लेकिन सत्य तो यह है कि श्रद्धा ने भले ही इस रिश्ते को स्वीकार किया हो, लेकिन आपने शायद कभी श्रद्धा को अपने लिए स्वीकार किया ही नहीं।

# कम कार्बन उत्सर्जन पर आधारित विकास हेतु भारत की रणनीति

**भूपेंद्र यादव**

अब जबकि भारत अपने अमृत काल की ओर बढ़ रहा है, देश की आजादी की यह शताब्दी सतत विकास से जुड़े राष्ट्रीय प्रयासों को एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल करने का मौका प्रदान करती है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सभी के लिए बुनियादी सुविधाओं से लैस विकास के इस मील के पत्थर को हासिल करने के लिए श्सबका प्रयास का आह्वान किया है। जबकि मोदी सरकार भारत के आकार के अनुरूप पैमाने पर ही उसकी अर्थव्यवस्था को विस्तारित करने की कोशिश कर रही है, जलवायु परिवर्तन इसके रास्ते में आने वाली कई चुनौतियों में से एक है।

जलवायु विज्ञान ने इस तथ्य को स्थापित किया है कि वैश्विक सतह के तापमान में वृद्धि संचयी उत्सर्जन की समानुपाती होती है और इस वृद्धि को सीमित करने के लिए ग्रीनहाउस गैसों (जीएचजी) के वैश्विक उत्सर्जन को एक खास सीमा के भीतर रखने की जरूरत है। उत्सर्जन की इस खास सीमा को वैश्विक कार्बन बजट कहा जाता है। यह कोई रहस्य नहीं है कि विकसित देशों द्वारा बेहद असंगत तरीके से इस वैश्विक कार्बन बजट के बड़े हिस्सा का उपयोग किया गया है। ग्लोबल वार्मिग को औद्योगिकीकरण के पूर्व के स्तर के 15 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने की 50 प्रतिशत संभावना के लिए वर्ष 2020 से इस दुनिया के पास 500 गीगाटन कार्बन डाइअक्साइड के समतुल्य का शेष कार्बन बजट है और ग्लोबल वार्मिग को दो डिग्री सेल्सियस की वृद्धि तक सीमित करने की 50 प्रतिशत संभावना के लिए 1350 गीगाटन कार्बन डाइअक्साइड के समतुल्य का शेष कार्बन बजट है।

भारत की जलवायु नीति को इंगित करने वाला प्रमुख सिद्धांत कम कार्बन उत्सर्जन आधारित विकास के रास्ते देश के विकास लक्ष्यों को हासिल करना है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने बार-बार यह कहा है कि भारत का विकास प्रतिमान स्पष्ट तौर पर विकास और जलवायु कार्रवाई को एक-दूसरे के विरोधाभासी के बजाय एक-दूसरे के पूरक के रूप में देखता है।

भारत राष्ट्रीय परिस्थितियों के अनुरूप कम कार्बन उत्सर्जन आधारित विकास की दिशा में प्रयासरत है। एक लंबी तटीयरेखा वाले विकासशील देश के रूप में, मानसून में व्यवधान की नाजुकता, आजीविका के लिए षि पर अत्यधिक निर्भरता और जल निकायों पर संभावित प्रभाव, जलवायु की चरम स्थितियों और परिणामी खतरों के अन्य किस्म के जोखिमों के बीच भारत को जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के कारण संभावित रूप से विकास का काफी अतिरिक्त बोझ उठाना होगा।

फिर भी, एक बड़े राष्ट्र के रूप में अपनी जिम्मेदारियों, परंपराओं एवं संस्ति को ध्यान में रखते हुए, भारत ग्लोबल वार्मिग की चुनौती का सामना करने में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए प्रतिबद्ध है।

भारत की दीर्घकालिक ग्रीनहाउस गैस के कम उत्सर्जन पर आधारित विकास की दीर्घकालिक रणनीति (एलटी-एलईडीएस) कम कार्बन उत्सर्जन वाले विकास के रास्तों की ओर जाने वाले सात प्रमुख बदलावों पर टिकी हुई है। भारत ने पहले ही विभिन्न नीतियों, कार्यक्रमों और पहलों के जरिए कम कार्बन उत्सर्जन वाले विकास के रास्तों की ओर जाने वाले इन बदलावों को अपनाना शुरू कर दिया है।

**उत्सर्जन से वृद्धि का संपूर्ण अर्थव्यवस्था में विकास की प्रक्रिया का उत्सर्जन से अलगाव सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी बढ़ाने वाली निर्देशित नीतियों के साथ तात्कालिक, मध्यम और दीर्घकालिक अवधि में औद्योगिक विकास हमारा एक प्रमुख उद्देश्य है। नरेन्द्र मोदी सरकार अनौपचारिक क्षेत्र को मान्यता देने और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र के विकास के लिए समुचित प्रयास कर रही है। इस संदर्भ में, इस तथ्य को जानते हुए कि इनमें बदलाव बेहद मुश्किल भरा काम है, कम कार्बन उत्सर्जन वाले विकल्पों का पता लगाया जा रहा है।**

**भारत का ध्यान विनिर्माण क्षेत्र में व्यावहारिक और सुसंगत रूप से प्रातिक और जैव-आधारित सामग्रियों के उपयोग, प्रसंस्करण और ईंधन स्विचिंग और विद्युतीकरण के प्रयासों को बढ़ाकर ऊर्जा एवं संसाधन दक्षता में सुधार लाने, सामग्री दक्षता बढ़ाने और रीसाइक्लिंग को बढ़ावा देने, चक्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने, हरित हाइड्रोजन प्रौद्योगिकी और बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने, बेहद मुश्किल बदलाव वाले क्षेत्रों के सतत विकास के लिए विकल्प तलाशने, कम कार्बन उत्सर्जन और एमएसएमई के सतत विकास पर है ।**

### विकास के अनुरूप बिजली प्रणालियों द्वारा कम कार्बन उत्सर्जन

औद्योगिक विस्तार को संभव बनाने, रोजगार सृजन को बढ़ावा देने और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए बिजली क्षेत्र का विकास बेहद महत्वपूर्ण है। इस समय, भारत नवीकरणीय ऊर्जा का विस्तार कर रहा है और ग्रिड को मजबूत कर रहा है। वह कम कार्बन उत्सर्जन वाली अन्य प्रौद्योगिकियों की खोज औरध्या उन्हें सहायता प्रदान कर रहा है, मांग-पक्ष प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, जीवाश्म ईंधन संसाधनों के तर्कसंगत उपयोग की ओर बढ़ रहा है। ऊर्जा सुरक्षा के संबंध में, वह कम कार्बन उत्सर्जन संबंधी सक्षमताओं का आकलन कर रहा है और हरित वर्गीकरण एवं (राष्ट्रीय विकास परिदृश्यों के पूरक के तौर पर) अधिकतम ऊर्जा मिश्रण का निर्धारण कर रहा है।

### कम कार्बन उत्सर्जन वाली एकीत, कुशल एवं समावेशी परिवहन प्रणाली

प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में परिवहन का बहुत बड़ा योगदान है। भारत यात्रियों एवं माल की ढुलाई के लिए परिवहन के साधनों में जरूरी एवं महत्वपूर्ण विस्तार के संदर्भ में कम कार्बन उत्सर्जन वाले विकल्पों पर काम कर रहा है। देश बेहतर ईंधन दक्षता को प्रोत्साहित कर रहा है, स्वच्छ ईंधन को अपनाने की दिशा में एक चरणबद्ध बदलाव को बढ़ावा दे रहा है, सार्वजनिक और परिवहन के कम प्रदूषणकारी साधनों की ओर बहुआयामी बदलाव, परिवहन के विभिन्न साधनों का विद्युतीकरण, मांग पक्ष प्रबंधन, यातायात प्रबंधन और कुशल परिवहन प्रणालियों को मजबूत कर रहा है।

शहरी डिजाइन में अनुकूलन, इमारतों में ऊर्जा एवं सामग्री संबंधी दक्षता और टिकाऊ शहरीकरण

जब शहरी क्षेत्रों के विकास की बात आती है,



तो शहरी डिजाइनों में अनुकूलन से जुड़े उपायों की खोज करना और उन्हें प्रोत्साहित करना महत्वपूर्ण है। शहरों के विस्तार के संदर्भ में, टिकाऊ शहरी डिजाइन को बढ़ावा देने वाले उपायों के साथ-साथ यह एक प्रमुख फोकस होगा। भारत निर्मित वातावरण और शहरी प्रणालियों में अनुकूलन के उपायों को मुख्यधारा में ला रहा है। वह शहरी नियोजन से संबंधित दिशानिर्देशों, नीतियों एवं उपनियमों में संसाधन दक्षता को बढ़ावा दे रहा है, मौजूदा एवं भविष्य की इमारतों तथा शहरी प्रणालियों में जलवायु के अनुकूल और लचीले भवन डिजाइन, निर्माण और कार्यान्वन को बढ़ावा दे रहा है और संसाधन दक्षता और पानी, ठोस एवं तरल कचरे के प्रबंधन के जरिए कम कार्बन उत्सर्जन वाली नगरपालिका सेवा के वितरण को बढ़ावा दे रहा है।

उत्सर्जन से वृद्धि का संपूर्ण अर्थव्यवस्था में विकास की प्रक्रिया का उत्सर्जन से अलगाव

सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी बढ़ाने वाली निर्देशित नीतियों के साथ तात्कालिक, मध्यम और दीर्घकालिक अवधि में औद्योगिक विकास हमारा एक प्रमुख उद्देश्य है। नरेन्द्र मोदी सरकार अनौपचारिक क्षेत्र को मान्यता देने और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र के विकास के लिए समुचित प्रयास कर रही है। इस संदर्भ में, इस तथ्य को जानते हुए कि इनमें बदलाव बेहद मुश्किल भरा काम है, कम कार्बन उत्सर्जन वाले विकल्पों का पता लगाया जा रहा है।

भारत का ध्यान विनिर्माण क्षेत्र में व्यावहारिक और सुसंगत रूप से प्रातिक और जैव-आधारित सामग्रियों के उपयोग, प्रसंस्करण और ईंधन स्विचिंग और विद्युतीकरण के प्रयासों को बढ़ाकर ऊर्जा एवं संसाधन दक्षता में सुधार लाने, सामग्री दक्षता बढ़ाने और रीसाइक्लिंग को बढ़ावा देने, चक्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने, हरित हाइड्रोजन प्रौद्योगिकी और बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने, बेहद मुश्किल बदलाव वाले क्षेत्रों के सतत विकास के लिए विकल्प तलाशने, कम कार्बन उत्सर्जन और एमएसएमई के सतत विकास पर है । कार्बन डाइअक्साइड को हटाने और अन्य इंजीनियरिंग संबंधी समाधान

कार्बन डाइअक्साइड हटाने का क्षेत्र एक नया क्षेत्र है जिसकी दुनिया भर में खोज की जा रही है और इस पर भारतीय संदर्भ में भी विचार किया जा रहा है। हालांकि, इस कदम के लिए नवाचार, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, जलवायु-विशिष्ट वित्त और क्षमता निर्माण के माध्यम से पर्याप्त अंतरराष्ट्रीय समर्थन की जरूरत है।फिलहाल, भारत इस कदम के सामाजिक-आर्थिक, आजीविका और इकोसिस्टम संबंधी प्रभावों को कम करने हेतु प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण और योजना बना रहा है। संसाधन की गहन जरूरतों को ध्यान में रखते हुए हम सार्वजनिक-निजी भागीदारी वाले फ्रेमवर्क की भी संभावना तलाश रहे हैं।

### सामाजिक-आर्थिक और इकोसिस्टम संबंधी विचारों के अनुरूप वन एवं वनस्पति के आवरण को बढ़ाना

प्रातिक संसाधनों की वृद्धि, संसाधनों की विरासत के संरक्षण और जैव विविधता को बढ़ावा देने के प्रति भारत की राष्ट्रीय प्रतिबद्धता इस क्षेत्र की रणनीति को संचालित कर रही है। यह प्रासंगिक जनसंख्या की आजीविका, सामाजिक और सांस्तिक निर्भरता को ध्यान में रखते हुए एक समावेशी दृष्टिकोण भी होगा।

इस दृष्टिकोण में वन एवं उसके पौधों की बहाली, संरक्षण एवं प्रबंधन, पशु एवं माइक्रोबियल आनुवंशिक संसाधनों, वनों के बाहर पेड़ों की बहाली, संरक्षण और प्रबंधन, नर्सरी के उन्नयन सहित राज्य के वन विभागों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना शामिल है।

### कम कार्बन उत्सर्जन वाले विकास के आर्थिक एवं वित्तीय पहलू

गरीबी उन्मूलन, रोजगार एवं आय में वृद्धि, जलवायु परिवर्तन के प्रति लचीलापन बढ़ाने और समृद्धि के एक नए स्तर तक पहुंचने की प्राथमिकताओं को देखते हुए, कम कार्बन उत्सर्जन वाले विकास के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए कम लागत वाला अंतरराष्ट्रीय जलवायु वित्त आवश्यक है।

भारत वित्तीय आवश्यकताओं का आकलन कर रहा है, जलवायु विशिष्ट वित्त को जुटा रहा है, विशेष रूप से बहुपक्षीय जलवायु वित्त तक पहुंच रहा है और जलवायु वित्त की मुख्य धारा को अंतरराष्ट्रीय व्यापार के साथ-साथ नए बहुपक्षीय तंत्र को नवाचार और प्रौद्योगिकी विकास का समर्थन करने के लिए जोड़ रहा है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अपने सभी कार्यों और दूरदर्शी नीतियों के माध्यम से यह सुनिश्चित किया है कि भारत एक राष्ट्र के रूप में इस धरती को बचाने की दिशा में अपनी जिम्मेदारी से अधिक भार लिया है और जलवायु कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध है। भारत अंतरराष्ट्रीय सहयोग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और वैश्विक जलवायु व्यवस्था की आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्रिय रहा है, जिस पर हम जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन, इसके क्योटो प्रोटोकल और पेरिस समझौते के तहत सामूहिक रूप से सहमत हुए हैं। भारत का एलटी-एलईडीएस यह स्पष्ट करता है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत समानता और जलवायु न्याय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के साथ खड़ा है।

**(लेखक केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री हैं।)**

# राहुल के कारण दक्षिण पहुंचे मोदी?

कांग्रेस पार्टी का मीडिया विभाग इन दिनों बेहद सक्रिय है। उसका एकमात्र काम कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा और राहुल गांधी को हाईलाइट करना है। कांग्रेस का मीडिया विभाग पार्टी के प्रवक्ताओं के लिए एजेंडा तय कर रहा है और सोशल मीडिया में भी एजेंडा सेट कर रहा है। भाजपा कोई भी पहल कर रही है तो उसका प्रचार हो रहा है कि राहुल गांधी की यात्रा की वजह से भाजपा ऐसा कर रही है। जब से यात्रा शुरू हुई है तब से ऐसा चल रहा है। संघ प्रमुख के मुस्लिम इमाम के पास जाने को भी यात्रा से जोड़ा गया तो हिमाचल प्रदेश के चुनाव में भाजपा की कथित मुश्किल को भी यात्रा का नतीजा बताया जा रहा है।

जाहिर है ऐसा यात्रा को सफल बताने के लिए किया जा रहा है। इसी क्रम में कांग्रेस के मीडिया सेल ने प्रचार किया है कि राहुल गांधी जैसे ही दक्षिण भारत में यात्रा पूरी करके वहां से निकले हैं और महाराष्ट्र पहुंचे हैं वैसे ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दक्षिण भारत की यात्रा पर पहुंचे। प्रधानमंत्री मोदी की दो दिन में चार दक्षिणी राज्यों के दौरे को राहुल की यात्रा से बनी मजबूरी बताया जा रहा है। हालांकि यह बात पूरी तरह से सही नहीं है। निश्चित रूप से भाजपा में यह चिंता है कि दक्षिण भारत में राहुल की यात्रा से कांग्रेस मजबूत हो सकती है और उसका चुनावी फायदा भी मिल सकता है। पर इसके साथ ही भाजपा इस यात्रा के पहले से दक्षिण में अपने को मजबूत करने में लगी है क्योंकि उसे भी अपनी सीटें वहीं से बढने की उम्मीद है।

भाजपा कम से कम दो दक्षिणी राज्यों कर्नाटक और तेलंगाना पर पहले से काफी फोकस किए हुए है। राहुल की यात्रा से पहले छह महीने में दो-तीन बार प्रधानमंत्री तेलंगाना गए और राहुल गांधी की यात्रा शुरू होने से दो महीने पहले भाजपा ने अपनी राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक हैदराबाद में की थी। राहुल की यात्रा के बीच में भी प्रधानमंत्री कर्नाटक गए थे, जहां उन्होंने बीए येदियुरप्पा को खास तरजीह देकर राज्य के लिंगायत मतदाताओं को मैसेज दिया था। सो, इन दो राज्यों को लेकर भाजपा पहले से बहुत मेहनत कर रही है। बाकी दो राज्यों- तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश में जहां प्रधानमंत्री गए उनमें से तमिलनाडु को लेकर भाजपा को कुछ उम्मीद है। ध्यान रहे पिछले दिनों केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तमिल भाषा को महत्व देने की बात कही। उसके बाद प्रधानमंत्री का दौरा हुआ। ऐसा माना जा रहा है कि अन्ना डीएमके के एक गुट के साथ तालमेल करके या उसके नेताओं को पार्टी में शामिल करा कर भाजपा तमिलनाडु में अपनी ताकत बढ़ाएगी। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा को एक भी सीट नहीं मिल पाई थी लेकिन 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा खाता खोलने की उम्मीद कर रही है। सो, संभव है कि राहुल गांधी की यात्रा की वजह से भाजपा को लगा हो कि प्रधानमंत्री का दक्षिण दौरा होना चाहिए लेकिन सिर्फ यही कारण नहीं है। भाजपा कर्नाटक में सरकार और लोकसभा की 23 सीटें बचाने और तेलंगाना में सरकार बनाने के लिए काफी पहले से मेहनत कर रही है।

# भारतीय संघवाद के विभिन्न पहलुओं पर गंभीर चिंतन एवं विद्वानों का दृष्टिकोण

**( एमपीआईएसएसआर में सम्पन्न सगोष्ठी की समीक्षा)**

**विकास कुमार**

भारतीय शिक्षण में कला-कौशल के विकास का निर्णीत आधार वाद-विवाद के अनुक्रम से विकसित होकर नए चिंतन में नवाचार शैली को सन्निहित करते हुए वैचारिकी की गतिशीलता में चेतना का संचार करता था । परंतु कहने का आशय यह नहीं है की मुकम्मल भारत की ज्ञान शैली का संरचनात्मक और चेतनशील प्रगति का अनुप्रायोगिक प्रवाह-प्रसार इसी समायोग तथा संभरण पर निर्भर था । यह एक विचारों के अन्वेषण,अन्वीक्षण तथा शोध के विकसित स्वरूप और ज्ञान के नए मार्गों को उदीयमान करनें में सहयोगी एवं सार्थक होती थी । वर्तमान में बौद्धिक जगत में इसके स्वरूप का विन्यास संगोष्ठियों और सेमिनारों ने ले लिया। समूचे विश्व में किसी विषय पर विद्वानों के विचार,समकालीन अवधारणा तथा उस विषय की भविष्योन्मुखी प्रासंगिकता के स्वरूप को समझने के लिए संगोष्ठी बेहतर समायोजन होता है,परंतु उसका स्वरूप अकादमिक होना चाहिए जिसमें विचारों का प्रवाह विषयांतर न हो और नए तर्को के साथ आलोचनात्मक दृष्टिकोण को सरोकार करते हुए अपने चयनित विषय का चिंतन प्रस्तुत करना चाहिए । ऐसे बौद्धिकत से सम्पन्न विचार विमर्श बहुत काम संगोष्ठियों में होता है ,परंतु कुछ ऐसे संस्थान और विश्वविद्यालय है जो ऐसे कार्यक्रमों में विचार-विमर्श के अकादमिक स्वरूप को अपनाते हुए कार्यक्रम को सम्पन्न करते हैं । ऐसा ही एक कार्यक्रम मध्य-प्रदेश समाज विज्ञान अनुसंधान परिषद में सम्पन्न हुआ जिसमें प्रारंभ से लेकर अवसान तक बौद्धिक अनुशीलन होता रहा । यह कार्यक्रम 10-11 नवंबर को संस्थान के निर्देशक प्रोफेसर यतीन्द्र सिंह सिसोदिया के संयोजन में तथा उदय सिंह राजपूत ( सहायक प्ाध्यापक,अमरकंटक विश्वविद्यालय) और पुष्पेंद्र मिश्र के समन्वयन में सम्पन्न हुआ था । इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में निर्देशक से परिचित एवं संस्थान के अध्यक्ष प्रोफेसर गोपाल शर्मा ने कहा कि यहाँ अकादमिक विमर्श और चिंतन में नवाचार की भावना को प्रोफेसर यतीन्द्र सिंह सिसोदिया बहुत ध्यान रखते हैं जो समापन सत्र तक दिखी । इस समीक्षा में केवल कुछ ही विद्वानों के दृष्टिकोण को संकलित किया जा सकता है जो भारतीय संघवाद के समकालीन स्वरूप को समझने में परिणामकारी सिद्ध होंगे । उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित प्रोफेसर रेखा सक्सेना ( प्राध्यापक दिल्ली विश्वविद्यालय राजनीति विज्ञान विभाग) जिन्होंने विभिन्न देशों में सम्पन्न संगोष्ठियों में संघवाद से संबंधित विषयों पर शोध पत्र का वचन किया है और संघवाद विषय के विभिन्न आयामों को लेकर शोध पत्र, आर्टिकल और पुस्तकें भी लिखी हैं जिनका इस विषय पर वृहद और व्यापक अनुभव है । उनके चिंतन के अनुशीलन से केवल भारतीय संघवाद का स्वरूप ही नहीं प्रभावित हुआ बल्कि विश्व के कई देशों ने उनके विचारों से अपने संघीय संरचना में परिवर्तन भी किया है । नेपाल के संविधान में संघात्मक स्वरूप के ढांचे को निर्मित करनें में उनके विचारों का योगदान रहा है । किसी देश काल की परिस्थितियों के आधार पर ही संघवाद की संरचना निर्धारित होनी चाहिए । भारतीय संघवाद का आधार केवल शक्तियों के विभाजन पर नहीं टिका है इसके स्वरूप और गतिशीलता के अनुभावजन्य प्रमाणित आयाम यह निर्देशित करते हैं की यह राज्यों और केंद्रों के मध्य सहकार की भावना को उत्प्रेरित करता है । ऐसे विमर्श के पश्चात प्रोफेसर यतीन्द्र के विचारों को समावेत करना आवश्यक है जिनका चिंतन आलोचनात्मक था कुछ ही शब्दों में संघवाद के घटित,विघटित,प्रचलित और सुचरित सभी प्रकार के विचारों का समावेश किया । संघवाद का भारतीय स्वरूप और उसके सम्पूर्ण मानकों की विश्लेषणात्मक व्याख्या उनके विचारों का सार और प्रवाह रहा । विषय के इसी संदर्भ में प्रोफेसर गोपाल शर्मा के विचार वर्तमान विकसित होते अनुक्रमों का समायोजन करते हुए । ऐतिहासिक मापदंडों के अनुसार,भारतीय संघवाद की व्याख्या को अनुप्रायोगिक वैचारिकी से जोड़कर विश्लेषित किया । भारतीय संघवाद के मानक,मापदंड और भविष्य के मार्ग इन सभी व्याख्यानों से स्पष्ट हो गए थे ,जिनके द्वारा संदर्भित प्रतिमानों नें नए आयाम को विकसित किए । यही विमर्श का समायोजन विषय के पहलुओं को समझने में और समकालीन चिंतन के प्रतिरूप को प्रतिरूपित किया । इस संगोष्ठी में विषय के उप-विषय के आधार पर तकनीकी सत्र विभाजित थे जिसमें प्रथम तकनीकी सत्र की शुरुवात अध्यक्षीय उदबोधन के पश्चात प्रोफेसर सरोज कुमार वर्मा जी के शोध पत्र से हुआ जिनके शोध पत्र का शीर्षक था श्भारत में सहकारी संघवादरू मिथक एवं यथार्थ अपनी भूमिका में उन्होने कहा की संघवाद का आधार शक्तियों के विभाजन है साथ ही केंद्र-राज्य संबंधों को समन्वय और सामंजस्य बनकर अपनी नीतियों का संचालन करना चाहिए ।

# गुपचुप बदलता रास्ता ?

ठोस धरातल पर देखें, तो भारत ऐसे कदम उठा रहा है, जो एकध्रुवीय दुनिया और वैश्विक कारोबार में डलर के वर्चस्व को कमजोर करते दिख रहे हैं। जबकि अब तक वह अपने इस रुख के बारे में भ्रम कायम रखने में सफल रहा है।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपनी मास्को यात्रा के दौरान दो ऐसी बातें कहीं, जिनसे इस समय की वैश्विक खेमेबंदी में शामिल



दोनों पक्षों को यह महसूस हो सकता है कि भारत उनके साथ है। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ वार्ता के दौरान अपनी शुरुआती टिप्पणी में जयशंकर ने कहा कि लगातार अधिक बहुध्रुवीय होती जा रही दुनिया के बीच यह संवाद हो रहा है। जिस समय रूस और चीन खुल कर दुनिया पर अमेरिकी वर्चस्व को तोड़कर बहुध्रुवीय दुनिया बनाने के प्रयासों में जुटे हैं, यह बयान मास्को और बीजिंग में सराहा जाएगा।

इसके बाद जयशंकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह पुरानी टिप्पणी दोहरा दी कि यह युद्ध का समय नहीं है। पश्चिमी राजधानियों में इसकी व्याख्या इस रूप में की जाएगी कि मास्को जाकर भारतीय विदेश मंत्री ने यूक्रेन में युद्ध टेडने के लिए रूस की आलोचना की है। बहरहाल, ठोस धरातल पर देखें, तो भारत ऐसे कदम उठा रहा है, जो एकध्रुवीय दुनिया और वैश्विक कारोबार में डलर के वर्चस्व को कमजोर करते दिख रहे हैं।

रूस के साथ रुपया-रुबल लेन-देन का सिस्टम पहले ही चालू हो चुका है। अब यह खबर उससे कम महवपूर्ण नहीं है कि भारत ने यही सिस्टम श्रीलंका, मालदीव और कई अफ्रीकी देशों के साथ कारोबार में भी लागू करने का निर्णय पिछले जुलाई में लिया था। इस रूप में भारत डलर का वर्चस्व करने की कोशिशों में एक सक्रिय भागीदार बनता दिख रहा है। जब ब्रिक्स के मंच पर आपसी कारोबार का नया मुद्रा बास्केट अमल में लाने पर गंभीर विचार-विमर्श हो रहा है और ब्रिक्स में शामिल होने के लिए अर्जी देने वाले देशों की संख्या बढ़ती जा रही है, तब डलर से अपने कारोबार को हटाना एक दूरगामी महव का फैसला बन जाता है। ब्रिक्स में अगर ये सहमति बन गई, तो देर-सबेर चीन के साथ भी भारत का कारोबार अलग मुद्रा में हो सकता है। उसका और भी ज्यादा दूरगामी परिणाम होगा। गौरतलब यह है कि भारत ने अपनी ये भूमिका गुपचुप बनाई है। इस बीच ये गौरतलब है कि भारत के रुख के बारे में आम तौर पर भ्रम बना हुआ है।

## एक ही परिवार के 3 लोगों ने की सामूहिक खुदकुशी, फंदे से लटके मिले शव

**गोरखपुर ,एजेंसी।** गोरखपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के घोसीपुरवा इलाके में एक ही परिवार के तीन सदस्यों ने फांसी लगाकर जान दे दी। व्यक्ति और उसकी दो बेटियों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस और फरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस कर्मियों ने अपनी शुरूआती जांच में पाया कि बेटियों की स्कूल फीस पिछले पांच महीने से नहीं भरी गई थी। स्कूल प्रशासन ने कहा कि दोनों लड़कियां अच्छी छात्र-एं थीं और उनके शिक्षा रिकर्ड के कारण स्कूल प्रबंधन ने फीस के लिए कभी कोई दबाव नहीं बनाया। 45 वर्षीय जितेंद्र श्रीवास्तव अपनी दो बेटियों, 16 वर्षीय मान्या, और 14 वर्षीय मानवी के साथ रहते थे। दोनों लड़कियां एक निजी अंग्रेजी माध्यम के स्कूल में पढ़ती थीं।

श्रीवास्तव ने 1999 में एक ट्रेन दुर्घटना में अपना एक पैर खो दिया था और उनकी पत्नी सिम्मी की दो साल पहले केंसर से मृत्यु हो गई थी। पत्नी की मौत के बाद से श्रीवास्तव ने रोजी-रोटी के लिए घर में सिलाई का काम शुरू कर दिया था। वह पिछले दो साल से आर्थिक तंगी का सामना कर रहा था। गोरखपुर के एसएसपी गौरव ग्रोवर ने बताया कि एक निजी कंपनी में गार्ड के पद पर कार्यरत जितेंद्र श्रीवास्तव के पिता ओम प्रकाश उस रात ड्यूटी पर थे। अगली सुबह जब वह घर लौटा तो तीनों को फंदे पर लटका पाया और पुलिस को सूचना दी।

## यूरोपीय संघ 15,000 यूक्रेनी सैनिकों को करेगा प्रशिक्षित

**ब्रसेल्स ,एजेंसी।** यूरोपीय संघ (ईयू) की परिषद ने रूस के साथ जारी युद्ध में यूक्रेन का समर्थन करने के लिए एक विशेष सैन्य मिशन शुरू करने की घोषणा की है। यूरोपीय संघ सैन्य सहायता मिशन (ईयूएमएएम) के पास यूरोपीय संघ के सदस्य देशों के बीच कई स्थानों पर 15,000 यूक्रेनी सेना कर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान करने का गैर-कार्यकारी जनादेश है।

परिषद ने भी घोषणा की, कि उसने यूक्रेनी सशस्त्र बलों के लिए क्षमता निर्माण का समर्थन करने के लिए यूरोपीय शांति सुविधा (ईपीएफ) के तहत 16 मिलियन यूरो सहायता उपाय को अपनाया है। इस सहायता उपाय के तहत कार्य 24 महीनों तक जारी रहेगा। ईपीएफ के तहत यूक्रेन के लिए यूरोपीय संघ की सहायता 3.1 बिलियन यूरो से अधिक है।

## कठुआ रेप-मर्डर केस में सुप्रीम कोर्ट का आदेश, आरोपी को नाबालिग रखने का फैसला खारिज

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** 2018 के कठुआ सामूहिक दुष्कर्म और हत्या मामले के एक आरोपी पर बालिग के तौर पर नए सिरे से मुकदमा चलाया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम), कठुआ और जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेशों को रद्द कर दिया, जिसमें अभियुक्त को मुकदमे के लिए किशोर माना गया था।न्यायमूर्ति जेबी. पारदीवाला ने फैसला सुनाते हुए आरोपी शुभम सांगरा पर वयस्क के रूप में मुकदमा चलाने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत का फैसला केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर द्वारा सीजेएम और उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेशों को चुनौती देने वाली अपील पर आया।

अदालत ने कहा कि आरोपी की उम्र के बारे में चिकित्सा विशेषज्ञ का अनुमान सबूत का वैधानिक विकल्प नहीं है और यह केवल एक राय है। मामले में विस्तृत निर्णय दिन में बाद में अपलोड किया जाएगा। आरोपी को 2019 में कठुआ गांव में आठ साल की बच्ची से सामूहिक बलात्कार और हत्या के मामले में गिरफ्तार किया गया था।

# पोलैंड और नाटो ने कहा- गलती से दागी गई थी यूक्रेनी मिसाइल, रूस पर भी आरोपों से किया इनकार



**वारसा, एजेंसी।** पोलैंड और नाटो ने बुधवार को कहा कि देश में गिरने वाली मिसाइल यूक्रेन से गलती से दागी गई थी। उन्होंने कहा कि इसके पीटे रूस का हाथ नहीं है, ये यूक्रेनी वायु सेना द्वारा छोड़ी गई थी, जो ड्रटककर गलती से पोलैंड में आ गिरी। नाटो के प्रमुख ने कहा कि इसके लिए यूक्रेन को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मास्को द्वारा किए गए हमले से बचने के लिए यूक्रेन ने अपने बचाव में ये कदम उठाए हैं।

नाटो के महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग ने ब्रसेल्स में संवाददाताओं से कहा, यह यूक्रेन की गलती नहीं है। कहीं न कहीं रूस इसके लिए जिम्मेदार है, क्योंकि वह यूक्रेन के खिलाफ अपना अवैध युद्ध जारी रखा है। बता दें कि पोलैंड में मिसाइल गिरने के बाद, नाटो के राजदूत ने मंगलवार आपातकालीन बैठक बुलाई थी। पोलैंड में मिसाइल गिरने से दो लोगों की मौत हो गई थी। मालूम हो कि पोलैंड और यूक्रेन सीमा पास है, जिस वजह से गलती से यूक्रेनी मिसाइल वहां जा गिरी। रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद, पहली बार किसी पश्चिमी सैन्य गठबंधन के क्षेत्र में इस तरह का हमला हुआ है।

पोलैंड के राष्ट्रपति एंड्रेज डूडा ने कहा, श्मेरे और हमारे सहयोगियों के पास जो जानकारी है। उससे पता चलता है कि वह सोवियत संघ में बना एकै -300 राकेट था। वह एक पुराना राकेट था और इस बात का कोई सबूत नहीं है कि इसे रूस द्वारा लांच किया गया था।श नाटो प्रमुख ने कहा कि अत्यधिक संङ्गावना है कि इसे यूक्रेनी फाइटर जेट द्वारा लांच किया गया हो। उन्होंने कहा कि वह एक यूक्रेनी वायु रक्षा मिसाइल हो सकती है।

पोलैंड के प्रधानमंत्री माटुस्ज मोराविकी ने कहा कि वारसा को नाटो की संधि के अनुच्टेद 4 को सक्रिय करने की जरुरत नहीं है, जो एक सदस्य देश की सुरक्षा को खतरे में मानते हुए परामर्श की मांग करता है। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा था कि मिसाइल को रूस द्वारा दागे जाने की संङ्गावना नहीं है।

बता दें कि यह घटना उस समय हुई, जब रूस ने यूक्रेन के शहरों पर सैकड़ों मिसाइलों की बारिश की थी।

## इंसान को फिर चंद्रमा पर भेजने की तैयारी, नासा का मिशन आर्टेमिस-1 लांच

**वाशिंगटन ,एजेंसी।** अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा का मून मिशन श्आर्टेमिस-1 आज लन्च हो गया। रकेट ने फ्लोरिडा के केनेडी स्पेस सेंटर से भारतीय समय के अनुसार 12.17 बजे उड़ान भरी। लन्चिंग का ओरिजिनल समय सुबह 11.34 बजे था। इससे पहले 29 अगस्त और 3 सितंबर को भी लन्चिंग की कोशिशें हुई थीं, लेकिन तकनीकी गड़बड़ी और मौसम खराब होने के चलते इन्हें टालना पड़ा था। नासा के आर्टेमिस-1 मून मिशन की लन्चिंग को 10 मिनट के लिए रोक दिया गया था। लन्चिंग से ठीक पहले फिर से कुछ तकनीकि खामियां आ गई थीं, जिसे वैज्ञानिक दूर कर दिया। ह्रङ्म ने ट्वीट करके इसकी जानकारी दी थी। सबसे पहले 29 अगस्त और फिर 3 सितंबर को इसको लन्च करने की कोशिश की गई थी।

# मोदी बाइडेन ने टिकाऊ, समावेशी विकास पर चर्चा की : व्हाइट हाउस

**बाली ,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने जी-20 शिखर सम्मेलन से इतर स्थायी और समावेशी विकास को बढ़ाने के लिए प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं को एक साथ लाये जाने पर चर्चा की।

व्हाइट हाउस ने आज यहां जारी एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति बाइडेन बाली में जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो के साथ मुलाकात की।

बयान में कहा गया है कि इस मुलाकात के दौरान इन नेताओं ने अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग के लिए प्रमुख मंच जी 20 के लिए अपनी साझा प्रतिबद्धता व्यक्त की है। बयान के अनुसार बैठक के दौरान इन नेताओं ने महत्वपूर्ण वैश्विक चुनौतियों का सामना करते हुए सतत और समावेशी विकास को आगे बढ़ाने के लिए प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं को एक साथ लाने के लिए अपनी सामूहिक क्षमता, जलवायु, ऊर्जा और खाद्य संकट से निपटने, वैश्विक स्वास्थ्य संरचना को मजबूत करने और तकनीकी परिवर्तन को बढ़ावा देना दिये जाने को लेकर चर्चा की।

राष्ट्रपति बाइडेन ने महामारी की रोकथाम, तैयारी और प्रतिक्रिया में अंतराल को कम करने, विश्व बैंक (महामारी कोष) द्वारा आयोजित महामारी पीपीआर के लिए वित्तीय मध्यस्थ कोष (एफआईएफ) शुरू करने को लेकर दुनिया भर के देशों को प्रेरित किये जाने को लेकर इंडोनेशिया के राष्ट्रपति विडोडो के नेतृत्व को बधाई दी।

# भारत के लिए गर्व का क्षण, इंडोनेशिया ने पीएम मोदी को सौंपी जी20 की कमान- अब दिल्ली में होगा समिट

**बाली ,एजेंसी।** इंडोनेशिया के बाली में चल रहे जी-20 समिट का आज दूसरा और आखिरी दिन है। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो ने बाली शिखर सम्मेलन के समापन समारोह में भारत को जी20 की अध्यक्षता सौंपी। भारत एक दिसंबर से आधिकारिक तौर पर जी20 की अध्यक्षता ग्रहण करेगा। अगले साल दिल्ली में जी-20 सम्मेलन होगा। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि जी-20 की अध्यक्षता हर भारतीय के लिए गर्व की बात है। हम अपने विभिन्न शहरों और राज्यों में बैठकें आयोजित करेंगे। हमारे अतिथियों को भारत की अद्भुदता, विविधता, समावेशी परंपराओं और सांसतिक समृद्धि का पूरा अनुभव मिलेगा।

वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आज कई द्विपक्षीय मुलाकातों का कार्यक्रम है। आज जर्मनी, इटली, इंडोनेशिया, अस्ट्रेलिया और ब्रिटेन के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। वहीं इससे पहले आज सुबह पीएम मोदी ने त्र20 नेताओं के साथ बाली के मैंग्रोव वन का दौरा किया।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सिंगापुर के प्रधानमंत्री ली सीन लूंग ने इंडोनेशिया के बाली में त्र20 शिखर सम्मेलन के दौरान द्विपक्षीय वार्ता की।

## कर्नाटक में धर्मातरण के प्रयास में 15 के खिलाफ मामला दर्ज

**हुबली ,एजेंसी।** कर्नाटक पुलिस ने राज्य के हुबली शहर में जबरन धर्म परिवर्तन के प्रयास के सिलसिले में 15 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, दंपति के बीच झगड़े के बाद घटना का पता चला। पति का आरोप है कि उसकी पत्नी उसे ईसाई धर्म अपनाने के लिए मजबूर कर रही है और उसके साथ रहने से इनकार कर रही है।उन्होंने कहा कि, जब वह पत्नी का और दबाव नहीं झेल सका तो उसने मामले को समुदाय के नेताओं के संज्ञान में लाया। शिक्कलिगारा समुदाय के सदस्यों ने थाने के सामने धरना दिया और धर्म परिवर्तन की बोली को रोकने की मांग की। शिकायत में उल्लेख किया गया है कि, ईसाई प्रचारक हिंदू धर्म के शिक्कलिगारा समुदाय को निशाना बना रहे हैं।

# यादव परिवार को एकजुट करेगी मैनपुरी सीट!

## अब शिवपाल यादव बोले- उपचुनाव में बहू डिंपल को हर हाल में जिताना है



**इटावा , एजेंसी।** मैनपुरी उपचुनाव को लेकर जिले में भी हलचल मची हुई है। सपा से पूर्व सांसद डिंपल यादव के बाद भाजपा की ओर से पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य को टिकट देने के बाद हलचल और तेज हो गई है। प्रसपा अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव ने कार्यकर्ताओं के साथ दो घंटे मंथन किया।

इसके बाद बहू डिंपल यादव को जिताने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार सुबह शिवपाल सिंह यादव ने सैफई के एसएस मैमोरियल इंटर कलेज में जसवंतनगर विधानसभा के सभी पदाधिकारियों को बैठक के लिए बुलाया था।

करीब दो घंटे तक चले मंथन में शिवपाल ने सभी कार्यकर्ताओं के मन की बात जानी।

इसके बाद कहा कि शिवपाल यादव ने कार्यकर्ताओं व नेताओं से कहा कि डिंपल यादव को हर हाल में जिताना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से स्पष्ट कर दिया कि सभी लोगों को डिंपल यादव को जिताना है। हमें न तो अखिलेश को देखना है.. न रामगोपाल को और न धर्मेंद्र और तेजू को।

हमें सिर्फ नेताजी की वजह से डिंपल यादव को हर हाल में जिताना है।

उन्होंने कहा कि यह दिखा दो की प्रसपा के कार्यकर्ता और नेताओं में कितना दम है। बता दें कि सपा के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद मैनपुरी संसदीय सीट खाली हुई थी। यहां उपचुनाव पांच दिसंबर को होंगे और परिणामों की घोषणा आठ दिसंबर को होगी।

## राष्ट्रपति ने किया जनजातीय संग्रहालय का अवलोकन

**भोपाल ,एजेंसी।** राष्ट्रपति बनने के बाद अपने पहले मध्यप्रदेश प्रवास पर आईं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज राजधानी भोपाल स्थित जनजातीय संग्रहालय का अवलोकन किया।इस दौरान उनके साथ राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री श्री चौहान और संग्रहालय के प्रतिनिधियों ने राष्ट्रपति को संग्रहालय से जुड़ी सभी जानकारियां दीं।कई स्थानों पर राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू संग्रहालय प्रतिनिधियों से कई प्रश्न भी पूछती नजर आईं।राजधानी भोपाल का जनजातीय संग्रहालय देश-प्रदेश की जनजातियों से जुड़ा संग्रहालय है, जहां इस समुदाय की जीवनशैली, लोककलाओं, खेलों और दिनचर्या को कलातियों के माध्यम से बारीकी से प्रदर्शित किया गया है।

# ट्रेनों से पशुओं के टकराने की घटनाओं को रोकने के लिए रेलवे का मास्टरप्लान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ट्रेनों के साथ होने वाले हादसों को रोकने के लिए रेल मंत्रालय ने बड़ा कदम उठाया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को इसके बारे में जानकारी देते हुए बताया कि ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एक विशेष प्रकार की बाउंड्री वल की नई डिजाइन को अनुमति दी गई है। उन्होंने बताया कि नई बाउंड्रीवाल अगले 5-6 महीनों में पटरियों के किनारे लगाई जाएगी। गौरतलब है कि हाल के दिनों में देश की कार्पोरेट ट्रेन वंदे भारत के साथ एक के बाद एक ऐसी घटनाएं सामने आई हैं। जिसके बाद रेलवे ने यह कदम उठाया है।

गौरतलब है कि बीते अक्तूबर माह में कई बार वंदेभारत ट्रेन मवेशियों से टकरा गई थी। ऐसी दो घटनाएं तो लगातार दो दिनों में हुई थीं। ऐसी ही एक घटना में गांधीनगर-मुंबई वंदे भारत एक्सप्रेस एक गाय से टकरा गई थी।

हादसे की वजह से ट्रेन का अगला हिस्सा मामूली रूप से क्षतिग्रस्त भी हुआ था। ये घटना गुजरात के आणंद स्टेशन के पास हुई थी। हालांकि हादसे में किसी भी यात्री को कोई नुकसान नहीं हुआ था। इस हादसे के एक दिन पहले सेमी-हाई स्पीड ट्रेन ने चार भैंसों को टक्कर मार दी थी। जिसके बाद उसके एक हिस्से को बदलना पड़ा था।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी उस घटना पर प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने कहा था कि पटरियों पर मवेशियों के साथ टकराव अपरिहार्य है। सेमी-हाई स्पीड वंदे भारत ट्रेन को डिजाइन करते समय इसे ध्यान में रखा गया है। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा था कि मवेशियों के साथ हादसे को रोकने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं।

## चौथी मंजिल से गिरी युवती, मौत, परिवार ने लगाया हत्या का आरोप

**लखनऊ ,एजेंसी।** लखनऊ के दुबग्गा इलाके में मंगलवार रात रहस्यमय परिस्थितियों में एक अपार्टमेंट की चौथी मंजिल से गिरकर 19 वर्षीय एक युवती की मौत हो गई। पुलिस ने दावा किया कि पेशे से ब्यूटीशियन युवती अपने कथित प्रेमी सुफियान (19) के साथ बहस करने के बाद मंजिल से गिर गई, युवती के परिवार ने आरोप लगाया कि युवक उसे परेशान करता था। युवती को केजीएमयू ट्रमा सेंटर ले जाया गया, जहां डक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में, युवती के परिवार ने प्राथमिकी दर्ज कराई, जिसमें उसकी मां ने आरोप लगाया कि उसकी बेटी को पड़ोस में रहने वाला सुफियान नामक युवक परेशान करता था।बीती रात युवती अपनी मां, बड़ी बहन और चाचा के साथ युवक के परिजनों से शिकायत करने गई थी।

# राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र में वैक्सीन इंजेक्शनिंग होप प्रदर्शनी का उद्घाटन

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** नेशनल काउंसिल अफ साइंस म्यूजियम (एनसीएसएम) और साइंस म्यूजियम ग्रुप, लंदन ने श्वैक्सीन इंजेक्शनिंग होप प्रदर्शनी के जरिए वैक्सीन विकसित करने के वैश्विक प्रयास की कहानी बताने के लिए हाथ मिलाया है। संसति और संसदीय मामलों के राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने भारत में ब्रिटिश उच्चायोग के उच्चायुक्त एलेक्स एलिस, ब्रिटिश काउंसिल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी स्कट मैकडोनाल्ड की उपस्थिति में यहां राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र में श्वैक्सीन इंजेक्शनिंग होप प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

प्रदर्शनी संसति के भारत-यूके एक साथ मौसम के हिस्से के रूप में ब्रिटिश काउंसिल द्वारा शुरू की गई एक कला स्थापना का प्रदर्शन करेगी।एक मोबाइल विज्ञान प्रदर्शनी, प्रदर्शनी का एक और संस्करण, पूरे उत्तर भारत के ग्रामीण क्षेत्रों की यात्रा करने के लिए तैयार है। इस बीच, प्राथमिक प्रदर्शनी जून 2023 तक दिल्ली में खुली रहेगी, जिसके बाद यह नागपुर, मुंबई, बैंगलोर और कोलकाता की यात्रा करेगी।प्रदर्शनी में श्द अराइवल अफ न्यू वायरस, शडिजाइनिंग ए न्यू वैक्सीन, श्ट्रायल, रिजल्ट्स एंड अप्रूवल्स, श्स्केलिंग अप एंड मास प्रोडक्शन, श्वैक्सीन रोलआउट, शलिविंग विद कोविड शीर्षक से चित्रों के जरिए कहानियां बताई गई हैं। महामारी की गति से टीके विकसित करने के नए तरीके खोजने के वैश्विक प्रयास पर भी रोशनी डाली गई है।ब्रिटिश काउंसिल के मुख्य कार्यकारी स्कट मैकडनल्ड ने कहा, हमारा भारतध्यूके टुगेदर सीजन अफ कल्चर उभरते हुए भारत और यूके के कलाकारों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है, जिससे वे जुडने और आकर्षक काम करने में सक्षम होते हैं। यह अभूतपूर्व प्रदर्शनी एक शानदार कलात्मक व्याख्या प्रदान करती है।प्रदर्शनी में ब्रिटिश काउंसिल द्वारा कमीशन की गई एक कलाति श्थ्रू द लेंस दिल्ली में स्थित भारतीय मूर्तिकार, सुशांक कुमार और लंदन में एक नाटककार, निगेल टाउनसेंड के सहयोग से बनाई गई है। नेशनल काउंसिल अफ साइंस म्यूजियम (ठउरट), भारत के महानिदेशक अरिजीत दत्ता चौधरी ने कहा, सुपरबग्स द एंड अफ एंटीबायोटिक्स प्रदर्शनी की शानदार सफलता के बाद यह एक और परियोजना है।

# पीलीभीत सड़क घोटाले में दो निलंबित

**पीलीभीत ,एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के पीलीभीत सड़क घोटाले में दो जूनियर इंजीनियरों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। पूरनपुर तहसील में बनी 72 किमी लंबी सड़क की देखरेख में ग्रामीण अभियांत्रिकी विभाग (आरईडी) के आलोक कुमार व मुनीर खान को लापरवाही का दोषी पाया गया है। लखनऊ में रेड के निदेशक एवं मुख्य अभियंता बृजेंद्र कुमार ने संवाददाताओं को बताया कि उनकी ओर से राज्य सरकार को सहायक अभियंता शैलेंद्र चौधरी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के साथ निलंबन की कार्रवाई की अनुशंसा भी की गई थी।

इसके अलावा निर्माण फर्म के खिलाफ पूरनपुर कोतवाली थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।सोशल मीडिया पर एक कथित वीडियो के वायरल होने के बाद इस मामले को कानूनी कार्रवाई के दायरे में लाया गया था, जिसमें स्थानीय किसान अपने हाथों से सड़क की सबसे ऊपरी परत को साफ करते हुए नजर आ रहे हैं।

सड़क की अनुमानित लागत 42 करोड़ रुपये आंकी गई थी।

कुमार ने आगे कहा कि वह आरईडी के अधीक्षण अभियंता ए रहमान खान की अध्यक्षता वाली तकनीकी जांच टीम की रिपोर्ट का इंतजार कर रहे थे, जिसने सड़क की गुणवत्ता का भौतिक सत्यापन किया था।

इस बीच पीलीभीत में रेड के कार्यपालक अभियंता फुरकान अली ने कहा कि राज्य की ग्रामीण सड़क विकास एजेंसी की लखनऊ स्थित दो सदस्यीय टीम मंगलवार को प्रश्नगत सड़क के तकनीकी निरीक्षण के लिए पूरनपुर पहुंची।

प्रथम ष्टया यह पाया गया कि ठेकेदार ने कोयला-तार मिश्रित महीन बजरी की अंतिम परत बिछाने से पहले सड़क में बिछाई गई पत्थर की गिट्टी की परत से धूल नहीं उड़ाई थी।

## वकील ने महिला टीचर पर बरसाई ताबड़तोड़ गोलियां, फिर खुद भी की खुदकुशी

**इटावा ,एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में इटावा जिले में एक प्राथमिक विद्यालय में शिक्षिका को छह गोलियां मारने के बाद एक वकील ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। महिला को इटावा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डक्टरों ने उनकी हालत नाजुक बताई है। वहीं वकील का शव खेत में पड़ा मिला। शव के पास से लाइसेंसी रिवल्वर, मोटरसाइकिल, खाली और जिंदा कारतूस बरामद हुआ है।

महिला के परिजनों ने बताया कि उन्हें एक राहगीर ने उसके घायल अवस्था में सड़क पर पड़े होने की सूचना दी थी। जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचित किया। फोरेंसिक एक्सपर्ट्स के साथ पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की।

# मप्र में 2023 के विधानसभा चुनाव से पहले आदिवासियों को लुभाने के लिए भाजपा, कांग्रेस ने कमर कसी

**भोपाल ,एजेंसी।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि राज्य में आदिवासी समुदाय के लोगों को सशक्त बनाने के लिए पेसा अधिनियम-1996 के साथ कुछ संशोधित नियम लागू किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर राज्य प्रायोजित श्जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में आदिवासी समुदाय की एक सभा को संबोधित करते हुए यह बात कही। चौहान ने दावा किया कि उनकी सरकार ने राज्य में कई आदिवासी विशिष्ट योजनाएं शुरू की हैं और पेसा अधिनियम का कार्यान्वयन श्आज हम सभी के लिए गौरव का दिन है।अधिनियम को ऐसे समय में पेश किया जा रहा है जब राज्य विधानसभा चुनावों में लगभग एक साल बचा है, सत्तारूढ़ भाजपा की नजर आदिवासी वोटों पर होगी जो राज्य में 21.1 प्रतिशत हैं।चौहान ने कहा, पेसा कानून किसी के खिलाफ नहीं है, हम सामाजिक समरसता को देखते हुए इसे ला रहे हैं।यह भाजपा सरकार द्वारा आयोजित मेगा इवेंट श्जनजाति गौरव दिवस का दूसरा संस्करण था, पहला 2021 में आयोजित किया गया था, जिसके दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों की डेढ़ दर्जन आदिवासी केंद्रित योजनाओं की घोषणा की थी।चूंकि मध्यप्रदेश की राजनीति में आदिवासी आबादी की महत्वपूर्ण भूमिका है, इसलिए कांग्रेस और भाजपा दोनों आदिवासी मुद्दों पर एक-दूसरे को निशाने पर लेती हैं। कांग्रेस ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के गृह जिले टिंदवाड़ा में भी आदिवासी कार्यक्रम का आयोजन किया।कांग्रेस के कार्यक्रम के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री नाथ यह बताना नहीं भूले कि पेसा एक्ट राज्य में कांग्रेस के शासन के दौरान बनाया गया था। उन्होंने भाजपा से यहां तक सवाल किया कि जब यह कानून 1996 में बनाया गया था तो इसे लागू क्यों नहीं किया गया।कांग्रेस पिछले साल से शिवराज के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा लागू पेसा अधिनियम और अन्य आदिवासी केंद्रित योजनाओं के कार्यान्वयन के समय पर सवाल उठा रही है। मध्य प्रदेश में भाजपा पिछले 17 साल से सत्ता में है, लेकिन आदिवासी समुदाय के लिए कुछ नहीं किया और अब जब चुनाव आ गया है, तो वे आदिवासियों को अपने राजनीतिक लाभ के लिए उपयोग करने के बड़े-बड़े दावे कर रहे हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में, मध्य प्रदेश के आदिवासियों और समूची जनता ने उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया है, इसलिए वे दहशत में हैं और अब झूठे वादे कर सत्ता हथियाने की कोशिश कर रहे हैं।दिसंबर 2023 में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव में आदिवासी मतदाताओं को लुभाने के लिए दोनों पार्टियों ने पिछले कुछ महीनों से कमर कस ली है। दोनों राष्ट्रीय दलों द्वारा विभिन्न जिलों में बैठकों की एक श्रृंखला आयोजित की जा रही है।आदिवासी मुद्दों पर कांग्रेस द्वारा लगाए गए आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए, राज्य भाजपा अध्यक्ष और खजुराहो के सांसद वीडी. शर्मा ने कहा था, कांग्रेस को बताना चाहिए कि 1996 में बने पेसा कानून को क्यों लागू नहीं किया गया।

# पोलार्ड ने खिलाड़ी के तौर पर आईपीएल को अलविदा कहा, मुंबई इंडियन्स के बल्लेबाजी कोच बने




नयी दिल्ली,। टी20 क्रिकेट में सबसे आक्रमक खिलाड़ियों में से एक कीरोन पोलार्ड ने मंगलवार को लीग की शीर्ष टीम मुंबई इंडियन्स के साथ 13 सत्र बिताने के बाद खिलाड़ी के तौर पर इंडियन प्रीमियर लीग के करियर को अलविदा कह दिया।वेस्टइंडीज के 35 साल के पोलार्ड आईपीएल में अभी कुछ और साल खेलना चाहते थे लेकिन पांच बार की चैंपियन टीम के साथ चर्चा के बाद उन्होंने आईपीएल से संन्यास लेने का फैसला किया।

पोलार्ड के नाम आईपीएल में 189 मैचों में 3412 रन है। उन्होंने 2010 में इस टीम के लिए पदार्पण किया था। वह हालांकि फ्रेंचाइजी के साथ जुड़े रहेंगे और टीम के नये बल्लेबाजी कोच होंगे।फ्रेंचाइजी से जारी बयान में पोलार्ड ने कहा, मेरे लिये यह फैसला करना आसान नहीं था क्योंकि मैं कुछ और साल खेलना चाहता था, लेकिन मुंबई इंडियंस के साथ चर्चा के बाद मैंने आईपीएल करियर को खत्म करने का फैसला किया।

उन्होंने कहा, इस अविश्वसनीय फ्रेंचाइजी ने इतना कुछ हासिल किया है और मैं समझता हूं कि अब उस में कुछ बदलाव की जरूरत है। अगर मैं अब मुंबई की टीम के लिए नहीं खेलता हूं तो खुद को इस टीम के खिलाफ खेलते हुए नहीं देख सकता हूं। एक बार आप मुंबई इंडियन्स का हिस्सा बन जाते है तो हमेशा इसी के साथ रहते है।पोलार्ड हालांकि यूएई में होने वाले 'इंटरनेशनल लीग टी20' में मुंबई की स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी के लिए खेलेंगे।

उन्होंने कहा, यह मुंबई इंडियन्स के लिए भावनात्मक अलविदा नहीं है, हालांकि मैं आईपीएल में बल्लेबाजी कोच की भूमिका निभाने के साथ-साथ मुंबई इंडियन्स अमीरात के साथ खेलने के लिए तैयार हूं।उन्होंने कहा, मेरी करियर का यह अगला अध्याय वास्तव में रोमांचक है और मुझे खुद को खिलाड़ी से कोचिंग की भूमिका में आने की अनुमति देता है। मैं पिछले 13 सत्र से आईपीएल में सबसे बड़ी और सबसे सफल टीम का प्रतिनिधित्व करने पर बेहद गर्व, सम्मानित महसूस करता हूं।

इंडियन प्रीमियर लीग के पांच खिताब के अलावा पोलार्ड ने मुंबई इंडियन्स को 2011 और 2013 में चैम्पियन्स लीग का विजेता बनाने में भी मदद की। वह टीम में बल्लेबाजी को रोबिन सिंह की जगह लेंगे।पोलार्ड ने कहा, मुझे मुंबई इंडियन्स में हमारे पास मौजूद कोचों, प्रबंधकों और अन्य सहयोगी स्टाफ को धन्यवाद देना चाहिए।

# दक्षिण अफ्रीका के कप्तान डीन एल्गर ने अलग प्रारूपों के लिए टीम में अलग–अलग कोच की मांग की



जोहान्सबर्ग, दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट कप्तान डीन एल्गर ने अलग–अलग प्रारूपों के लिए अलग–अलग कोचों की मांग की है और क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) से आग्रह किया है कि वह इंग्लैंड द्वारा बनाए गए सेट–अप से सीखें, जिनके अलग–अलग प्रारूपों के लिए अलग कोच हैं।न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर ब्रेंडन मैकुलम इंग्लैंड के टेस्ट कोच हैं, जबकि आस्ट्रेलिया की महिला टीम के पूर्व मुख्य कोच मैथ्यू मॉट जोस बटलर के नेतृत्व वाली टीम के सफेद गेंद के रणनीतिकार हैं। दो कोच के नेतृत्व में, इंग्लैंड ने हाल ही में अच्छा प्रदर्शन किया है, न्यूजीलैंड, भारत और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले सात टेस्ट मैचों में से छह में जीत हासिल की है, जिसमें मैकुलम टीम के कोच थे। वहीं, कोच मॉट के नेतृत्व में टीम ने आस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप में जीत का परचम लहराया है।एल्गर ने अपने कॉलम में कहा, टूर्नामेंट शुरू होने पर इंग्लैंड ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया, लेकिन उन्होंने सुपर 12 चरण के माध्यम से अपना रास्ता बनाया और फिर सेमीफाइनल में जगह बनाई, जहां सेमीफाइनल जीतकर फाइनल में खेला और विश्वकप जीता। इंग्लैंड सही समय पर शीर्ष पर पहुंचा और परिणाम अंततः टीम के पक्ष में गया।

उन्होंने यह भी कहा कि, टेम्बा बावुमा की टीम के एडिलेड ओवल में पिछले सुपर 12 मैच में नीदरलैंड से बुरी तरह हारने और टी20 विश्व कप से बाहर होने के बाद टीम की कोचिंग को जिम्मेदार ठहराया गया।एल्गर ने बताया, इसमें कोई संदेह नहीं है कि अलग–अलग प्रारूपों के लिए अलग–अलग कोच होने के मामले में हम इंग्लैंड से सीख सकते हैं। मुझे लगता है कि यह चलन आगे बढ़ने वाला है क्योंकि अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य पर इन दिनों जितनी क्रिकेट खेली जाती है, एक कोच के लिए सब कुछ नियंत्रण में रखना कठिन होता है। स्प्लिट–कोचिंग भूमिका कुछ ऐसी है, जिस पर हम क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका के रूप में गौर करेंगे।क्रिकेटर ने आगे कहा, इंग्लैंड में पिछले कुछ वर्षों से अलग–अलग कोचिंग की भूमिका रही है और यह निश्चित रूप से उनके लिए काम कर रहा है। वे अब दुनिया की सबसे मजबूत टीम हैं।दक्षिण अफ्रीका के पूर्व विकेटकीपर–बल्लेबाज मार्क बाउचर ने इस साल की शुरूआत में घोषणा की थी कि वह टी20 विश्व कप असाइनमेंट के बाद दक्षिण अफ्रीका के मुख्य कोच के रूप में पद छोड़ देंगे और सीएसए उनके आगे एक व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम के साथ एक नए मुख्य कोच की तलाश करेगी।

# आईपीएल 2023 में धोनी चेन्नई सुपर किंग्स का करेंगे नेतृत्व: केएस विश्वनाथन



चेन्नई, इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की टीम चेन्नई सुपर किंग्स के सीईओ केएस विश्वनाथन ने पुष्टि की है कि भारत के पूर्व कप्तान और विकेटकीपर–बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी टी20 टूर्नामेंट के 2023 सीजन में टीम का नेतृत्व करेंगे।विश्वनाथन ने बताया कि उन्हें विश्वास है कि धोनी के नेतृत्व में टीम आगामी सीजन में अच्छा प्रदर्शन करेगी।2023 आईपीएल से पहले सीएसके के रिटेन और रिलीज खिलाड़ियों की घोषणा करने के एक दिन बाद विश्वनाथन ने कहा, हर कोई जानता है कि एमएस धोनी टीम का नेतृत्व करने जा रहे हैं और वह टीम के लिए अपना शानदार योगदान देंगे। सुपर किंग्स ने ड्वेन ब्रावो, एडम मिल्ने, क्रिस जॉर्डन, एन. जगदीसन, सी. हरि निशांत, के. भगत वर्मा, के.एम. आसिफ और रॉबिन उथप्पा को रिलीज कर दिया है, जिन्होंने संन्यास की घोषणा कर दी है। विश्वनाथन ने कहा कि सीएसके के कई विजयी अभियानों का हिस्सा रहे खिलाड़ियों को रिलीज करना कठिन है, फ्रें चाइजी खिलाड़ियों के साथ बहुत भावुक हैं। विश्वनाथन ने कहा, जहां तक रिटेन करने का सवाल है तो यह एक बहुत ही कठिन निर्णय है। जैसा कि आप जानते हैं कि सीएसके अपने खिलाड़ियों के साथ बहुत भावुक रहा है और वे भी फ्रेंचाइजी के लिए इतना अच्छा योगदान दे रहे हैं। हमारे लिए रिलीज करते समय फैसला करना बहुत मुश्किल हो जाता है। उन्होंने यह भी उम्मीद जताई कि दो लंबे वर्षों के बाद, सीएसके को आखिरकार अपने घरेलू मैदान एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेलने का मौका मिलेगा। सीएसके ने 2021 में संयुक्त अरब अमीरात में अपना चौथा आईपीएल खिताब जीता, इस साल उन्हें 10–टीम टूर्नामेंट में चार जीत और 10 हार के साथ नौवां स्थान मिला।

### मेल्टवॉटर चैम्पियंस टूर फाइनल्स : प्रज्ञानानंदा, एरिगेसी फिर हारे

सेन फ्रांसिस्को,भारत के युवा ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा मेल्टवॉटर चैम्पियंस टूर फाइनल्स के दूसरे दौर में बुधवार को नीदरलैंड के अनीश गिरी से 3.5 . 2.5 से हार गए ।भारत के अर्जुन एरिगेसी को दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने 2.5 . 0.5 से हराया प्रज्ञानानंदा ने पहले दो गेम जीते लेकिन फिर उनकी पकड़ ढीली हो गई । गिरी ने लगातार तीन गेम जीते और चौथे को टाइब्रेकर में अपने नाम किया ।पिछले महीने ऐमचेस रैपिड टूर्नामेंट में कार्लसन को हराने वाले एरिगेसी को इस बार नॉर्वे के इस धुरंधर से पराजय झेलनी पड़ी ।कार्लसन ने पहला गेम 75 चालों में जीता और दूसरा 86 चालों के बाद ड्रॉ रहा । दूसरे दौर के अन्य मैचों में वियतनाम के कुआंग लियेम ली ने अमेरिका के वेसले सो को 2.5 . 0.5 से हराया जबकि पोलैंड के जाज क्रिस्टोफ डुडा ने अजरबैजान के शखरियार मामेदियारोव को 2.5 . 1.5 से शिकस्त दी ।

# आईपीएल 2023: पोलार्ड के संन्यास पर विहारी ने कहा, उनकी जगह लेना बड़ी चुनौती



नई दिल्ली, का मानना है कि मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग से संन्यास लेने वाले टी20 दिग्गज कीरोन पोलार्ड की जगह किसी और को देना मुंबई इंडियंस के लिए एक बड़ा काम होने वाला है।

कीरोन पोलार्ड साल 2010 से ही मुंबई इंडियंस के साथ जुड़े रहे हैं। 13 सीजन मुंबई इंडियंस के लिए खेलने के बाद पोलार्ड ने संन्यास ले लिया। पोलार्ड ने कहा कि वह आईपीएल में वह समय देंगे, मुंबई के साथ उनका रिश्ता खत्म नहीं हो रहा है। वह बल्लेबाजी कोच के रूप में उनके साथ शामिल हो गए हैं और संयुक्त अरब अमीरात में आईएलटी20 में उसी समूह के स्वामित्व वाले एमआई अमीरात के लिए खेलेंगे। विहारी ने कहा– यह उनके लिए (मुंबई इंडियंस के लिए) एक बड़ा नुकसान है। कीरोन पोलार्ड जैसे खिलाड़ी की भरपाई करना मुश्किल है। वास्तव में टी 20 प्रारूप में उनकी जगह कोई नहीं ले सकता। उन्होंने मुंबई इंडियंस के लिए जो सेवाएं दी हैं, न केवल एक फिनिशर के रूप में, बल्कि एक क्षेत्ररक्षक और एक लीडर के रूप में भी।

उन्होंने कहा– एक ही टीम के साथ पांच खिताब और वह अपने पूरे करियर में एक टीम के लिए खेले हैं। इससे पता चलता है कि मुंबई के लिए उनका प्यार और मुंबई उनके लिए क्या मायने रखता था। मुझे लगता है कि उनकी जगह लेना एक बड़ा काम होगा। एक अच्छी बात क्या वह अभी भी डगआउट में अपना मार्गदर्शन देंगे।

दाएं हाथ के बल्लेबाज को लगता है कि ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेटर टिम डेविड आगे बढ़ सकते हैं और वह भूमिका निभा सकते हैं जो कीरोन पोलार्ड मुंबई के लिए कर रहे थे। उन्होंने कहा, मुंबई इंडियंस पिछले साल काफी स्मार्ट थी, उन्होंने टिम डेविड को भविष्य में कीरोन पोलार्ड के प्रतिस्थापन के रूप में चुना। मुझे लगता है कि इस साल टिम डेविड आगे बढ़ सकते हैं और वह भूमिका निभा सकते हैं जो कीरोन पोलार्ड कर रहे थे।

## फिल्मी गपशप

# इंटरनैशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया में दिखाई जाएगी वरुण धवन की भेड़िया



भारत में सिनेमा प्रेमियों के लिए नवंबर का महीना खास होता है। लोगों को इस महीने गोवा में लगने वाले इंटरनैशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया (आईएफएफआई) का इंतजार रहता है। 53वें आईएफएफआई समारोह शुरू होने में चंद दिन बाकी हैं और फेस्टिवल में लगने वाली फिल्मों पर चर्चा शुरू हो गई है। खास बात यह है कि इसी महीने रिलीज होने वाली फिल्म भेड़िया भी इस फिल्म फेस्टिवल में प्रीमियर की जाएगी।रिपोर्ट के अनुसार वरुण धवन और कृति सैनन की आगामी फिल्म भेड़िया आईएफएफआई 2022 में दिखाई जाएगी। चर्चा है कि सबकुछ योजना के मुताबिक होता है तो फिल्म की निर्देशक अमर कौशिक, निर्माता दिनेश विजान के साथ ही फिल्म की स्टारकास्ट वरुण, कृति, दीपक डोबरियाल, अभिषेक बनर्जी भी फिल्म की स्क्रीनिंग के वक्त मौजूद रहेंगे। जहां एक तरफ फिल्म को इस प्रतिष्ठित समारोह का हिस्सा होने का मौका मिलेगा वहीं, दर्शक यहां फिल्म को रिलीज से पहले देख पाएंगे।भेड़िया 25 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म की स्टारकास्ट इन दिनों इसके प्रचार में व्यस्त है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। ट्रेलर में फिल्म की झलकियां दिनेश विजान की ही स्त्री की याद दिलाती हैं। फिल्म में वरुण के किरदार को एक भेड़िया काट लेता है, जिसके बाद वह भेड़िये जैसा बन जाता है। फिल्म में स्त्री और भूल भुलैया के तर्ज पर ही दर्शकों को सस्पेंस और कॉमेडी का दिलचस्प मेल देखने को मिलेगा।

आईएफएफआई हर साल नवंबर के अंतिम सप्ताह के दौरान गोवा में आयोजित किया जाता है। इस साल यह फेस्टिवल 20–28 नवंबर तक चलेगा। इस साल ऑस्ट्रियाई फिल्म आल्मा ऐंड ऑस्कर से फेस्टिवल की शुरुआत होगी। भारतीय फिल्मों की बात करें तो भेड़िया के अलावा मधुर भंडारकर की फिल्म इंडिया लॉक-डाउन भी यहां प्रदर्शित की जाएगी। यह फिल्म 2 दिसंबर को जी5 पर प्रसारित होनी है। आरआरआर, जय भीम, द कश्मीर फाइल्स और मेजर भी समारोह में प्रदर्शित की जाएंगी।

दोनों सितारों की आने वाली फिल्मों की बात करें तो, वरुण जाह्नवी कपूर के साथ फिल्म बवाल में नजर आएंगे। इस फिल्म में दर्शकों को ऐक्शन का भरपूर डोज मिलेगा। वहीं यह फिल्म वीएफएक्स से भरपूर होगी। वरुण युद्धनायक अरुण खेत्रपाल की बायोपिक इक्कीस का भी हिस्सा हैं।



### विद्युत जामवाल ने क्रैक के लिए किया हेयर ट्रांसफॉर्मेशन

एक्शन स्टार विद्युत जामवाल, जो सनक, कमांडो फ्रेंचाइजी और खुदा हाफिज जैसी फिल्मों में अपने साहसी स्टंट के लिए जाने जाते हैं, अपने हेयर स्टाइलिस्ट को कुछ नया करने की आजादी दे रहे हैं। अभिनेता अपनी आगामी फिल्म में क्लासिक मुलेट हेयरडू करेंगे। क्रैक नाम की इस फिल्म को भारत का पहला एक्सट्रीम स्पोर्ट्स ड्रामा बताया जा रहा है।

अपने मुलेट लुक के बारे में बात करते हुए, विद्युत साझा करते हैं, मलेट लुक का 70 और 80 के दशक में हाई–ऑन–एनर्जी फिल्मों में अभिनेताओं का एक लंबा इतिहास रहा है। यह इस लुक का इतिहास है जिसने इसे फिल्म की थीम के साथ जाने के लिए सही विकल्प बनाया है।

1990 के दशक के संजय दत्त को यह हेयरस्टाइल याद होगा, जो देश भर में प्रशंसकों के स्कोर के साथ गूंजता था।

# सलमान खान की टाइगर 3 में कैमियो करेंगे शाहरुख खान, पठान के बाद शुरू करेंगे फिल्म की शूटिंग



बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान इन दिनों अपने टीवी शो बिग बॉस 16 को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। सलमान खान के इस शो में रोज कुछ न कुछ नया देखने को मिल जाता है। सलमान खान इस टीवी शो के अलावा अपनी दो फिल्मों को लेकर भी सर्खियों में बने हुए हैं। सलमान खान साल 2023 में किसी का भाई किसी की जान और टाइगर 3 के साथ बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने वाले है। इसी बीच सलमान खान की फिल्म टाइगर 3 से जुड़ा एक बड़ा अपडेट सामने आया है, जिसे जानने के बाद भाईजान के फैंस काफी खुश हो सकते है।सलमान खान और कटरीना कैफ की फिल्म टाइगर 3 एक बार फिर सुर्खियों में आ गई है। रिपोर्ट के अनुसार टाइगर 3 में अब शाहरुख खान की एंट्री पक्की हो गई है। जानकारी के लिए बता दें कि कई दिनों से इसको लेकर खबरें चल रही थी। लेकिन पक्का नहीं हो पाया था, पर पिंकविला की रिपोर्ट इस खबर पर मुहर लगा दी है। रिपोर्ट में बताया गया है कि शाहरुख खान फिल्म पठान की रिलीज के बाद टाइगर 3 की शूटिंग शुरू कर देंगे। इस खबर के सामने आने के बाद अब सलमान खान और शाहरुख खान को फैंस के एक साथ देख पाएंगे। आपको बता दें सलमान खान भी शाहरुख खान की फिल्म पठान में कैमियो करने वाले है। दोनों एक दूसरे की फिल्म में धमाल मचाने वाले हैं।सलमान खान, कटरीना कैफ और शाहरुख खान की फिल्म टाइगर 3 साल 2023 की दिवाली पर रिलीज होने वाली है। तो वही शाहरुख खान की पठान 25 जनवरी 2023 को रिलीज होने वाली है।

# बाहुबली को टक्कर देने आ रही है रणवीर सिंह की सबसे बड़ी पैन इंडिया फिल्म



बॉलीवुड के जाने–माने एक्टर रणवीर सिंह अलग–अलग वजह से सोशल मीडिया पर चर्चा में बने रहते हैं। उनकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होती रहती हैं। रणवीर सिंह कई बार ऐसी ड्रेस पहनकर सामने आ जाते है, जिसे देखने के बाद लोग हैरान हो जाते है। रणवीर सिंह जल्द गी आलिया भट्ट के साथ एक फिल्म में नजर आने वाले है। जिसको लेकर काफी दिनों चर्चा हो रही है। अब रणवीर सिंह से जुड़ा एक नया अपडेट सामने आया है, जिसे जानने के बाद रणवीर सिंह के फैंस काफी खुश हो गए है। खबरों के अनुसार रणवीर सिंह के हाथ एक बड़ी फिल्म लगी है।

**इस डायरेक्टर के साथ काम करेंगे रणवीर सिंह**

बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण के पति और एक्टर रणवीर सिंह ने बॉलीवुड को कई हिट फिल्में दी है। इसी बीच अब रणवीर सिंह का नाम एक नई मूवी से जुड़ रहा है। रिपोर्ट के अनुसार फिल्म मेकर शंकर बॉलीवुड स्टार रणवीर सिंह को लेकर सबसे बड़ी पैन इंडिया बनाने वाले है। इस फिल्म को एक दो नहीं बल्कि तीन पार्ट में रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म की शूटिंग साल 2023 में शुरू होगी। ये फिल्म तमिल एपिक नॉवेल वेलपरी पर बेस्ड होगी। इस फिल्म में आपको रोमांस, एक्शन और बाकी बहुत कुछ देखने को मिलने वाला है। इस रिपोर्ट के सामने आने के बाद रणवीर के फैंस काफी खुश नजर आ रहे है। अब फैंस को इस फिल्म के पहले पार्ट के रिलीज होने का इंतजार है। जानकारी के लिए बता दें कि ये बाहुबली से भी ज्यादा बड़ी फिल्म होने वाली है।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com